संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 05 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



ओम बिरला और राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह व सुब्रह्मण्यम स्वामी ने लोकसभा अध्यक्ष संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में एम.ए.अय्यंगार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 35 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कैट की व्यापारियों को पेटीएम की बजाय अन्य पेमेंट ऐप के उपयोग की सलाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्यापारियों को अपने कारोबार से संबंधित लेन-देन के लिए पेटीएम की बजाय अन्य ऐप पर शिफ्ट होने की सलाह दी है। कैट ने पेटीएम वॉलेट और पेटीएम पेमेंट बैंक परिचालन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अंकुश के बाद यह सलाह दी है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा हाल में पेटीएम पर लगाये अंकुशों को लेकर देशभर में व्यापारियों को अपने पैसे की सुरक्षा के लिए अन्य मंचों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के जरिए लेन-देन कर रहे हैं।

आरबीआई के इस पर प्रतिबंध लगाने से इन लोगों को वित्तीय अशांति हो सकती है। रिजर्व बैंक का पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी के बाद अंकुश लगाने के प्रमुख कारण में से एक बिना सही पहचान के बनाए गए करोड़ों अकाउंट थे। दरअसल इन अकाउंट्स के तहत केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। इतना ही नहीं इसमें बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन-देन भी किया था, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका पैदा हुई है। कैट महामंत्री ने व्यापारियों के लिए अपने धन जोखिम को कम करने के लिए सलाह देते हुए कहा कि वो पेटीएम से अपना पैसा निकालने के साथ अन्य पेमेंट ऐप पर शिफ्ट कर जाएं। खंडेलवाल ने व्यापारियों के लेन-देन की सुरक्षा के साथ वित्तीय संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पेटीएम उपयोगकताओं को सीधे यूपीआई के जरिए लेन-देन की सलाह दी है।


अनेक बैंकों के पेमेंट ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने विजय शर्मा की अगुवाई वाली देशभर में लोकप्रिय वॉलेट पेटीएम और उसकी बैंकिंग इकाई के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन और मनी लांड्रिंग की चिंता के कारण अंकुश लगाया है। दअरसल रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को और जमा लेने सहित अधिकांश गतिविधियों को फिलहाल रोकने के साथ 29 फरवरी के बाद नए ग्राहक बनाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

### आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।"
भागवद् गीता

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाये।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# असम को पीएम मोदी ने दी सौगात

= 'पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था, कभी नहीं समझा आस्था के केंद्रों का महत्व'

**विकास कार्य**

8 पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विकास** और विरासत को अपनी सरकार की नीति बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई देश अपनी विरासत को भुलाकर विकसित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था और कभी आस्था के केंद्रों के विकास का महत्व नहीं समझा प्रधानमंत्री ने रविवार को असम में मां कामाख्या दिव्य परियोजना सहित 11 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दिव्य परियोजना के पूरा होने पर यहां भी राम मंदिर जैसा महौल बन जाएगा। इस तरह की परियोजना से गरीब से गरीब को भी कमाने के अवसर प्राप्त होते हैं। आज असम विकास और विरासत की नीति से हो रहे बदलाव का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर) की आधारशीला भी रखी। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र योजना के लिए प्रधानमंत्री के विकास पहल के तहत मंजूरी दी गई है। यह परियोजना कामाख्या मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ॣहमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित रूफटॉप सोलर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार बिजली बिल शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले 10 वर्षों में हमने हर घर में बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। अब रूफटॉप सोलर योजना के तहत सरकार एक करोड़ परिवारों को छत पर सोलर पैनल लगाने में मदद करेगी। देश के विकास में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार के प्रयासों से यहां शांति का माहौल बना है। सीमा से जुड़े मसले सुलझाये गए हैं, स्थायी शांति स्थापित हुई है, 10 बड़े शांति समझौते हुए हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है।

पिछले 10 वर्षों में ही हमने 6,000 किमी के नए नेशनल हाई-वे बनाए हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है। 2014 के बाद रेलवे ट्रैक की लंबाई 1900 किमी से ज्यादा बढ़ाई गई। 2014 से पहले की तुलना में रेल बजट करीब 400 प्रतिशत बढ़ाया गया है।

**'ड'बल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध'**

**भाजपा** की डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक के जीवन को आरामदायक बनाना है। यह फोकस हमारे बजट में स्पष्ट है। बजट में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री 3400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई सड़क उन्नयन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी ।उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (एसएएसईसी) कॉरिडोर कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में उन्नत किया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को असम की रैली में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## ये कहते हैं बीजेपी में आ जाओ हम छोड़ देंगे: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को चार नए स्कूलों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। दिल्ली सीएम ने कहा कि जब हम स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिकों और अस्पतालों का उद्घाटन करने जाते हैं, तो अन्य दलों के लोग हमारे खिलाफ नारे लगाने के लिए वहां पहुंच जाते हैं। आज एक शुभ दिन है क्योंकि चार स्कूलों का उद्घाटन किया जा रहा है। आज तो कम से कम ये गंदी राजनीति ना करो। केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, 'वे हमें यह कहते हुए भाजपा में शामिल हो जाओ, हम छोड़ देंगे। मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। हम कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं।'

**बीजेपी निशाने पर**

8 मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। हम कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं

## भुजबल जिस भी पार्टी में रहे, उसे नुकसान पहुंचाया : जरांगे

**मुंबई:** मराठा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छगन भुजबल पर आरोप लगाया है कि वे मराठा आरक्षण को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं, उससे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि सरकार मराठाओं को आरक्षण देने के लिए ओबीसी आरक्षण में पिछले दरवाजे से एंट्री करा रही है। भुजबल, अजित पवार की एनसीपी का हिस्सा हैं। भुजबल ने ये भी आरोप लगाया है कि मराठाओं को आरक्षण के लिए जो डाटा इकट्ठा किया गया है, उसमें भी काफी खामियां हैं।

## दूसरा टेस्ट: भारत जीत से 9 विकेट दूर

**विशाखापत्तनम टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म, दूसरी पारी में इंग्लैंड 67 पर एक विकेट**

**रोमांचक मोड़**

8 इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद नौ रन बनाकर खेल रहे हैं



**टीम एक्शन इकंडिया/ विशाखापत्तनम**

भारत और इंग्लैंड के बीच विशाखापत्तनम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद नौ रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम को यह मैच जीतने के लिए नौ विकेट चाहिए। वहीं इंग्लैंड की टीम को मैच जीत के लिए अभी भी 332 रन की जरूरत है। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तेज शुरूआत की। जैक क्राउली और बेन डकेट ने तेजी से रन बटोरे। रविचंद्रन अश्विन ने बेन डकेट को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। डकेट ने 28 रन बनाए। इसके बाद तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद 9 रन के साथ क्रिज पर हैं। इससे पहले तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी 255 रनों पर सिमट गई।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक आज से, रेपो दर यथास्थिति रहने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक छह फरवरी से शुरू होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बैठक के नतीजे की घोषणा आठ फरवरी करेंगे। अंतरिम बजट 2024 के ठीक बाद होने वाली इस बैठक में भी रेपो दर को यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रेपो दर को इस बार भी यथास्थिति पर रखने की संभावना अधिक है। दरअसल, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।



## सुखोई विमानों को आधुनिक बनाने के लिए 60 हजार करोड़ आवंटित

**अगली पीढ़ी**

8 भारत में निर्मित हथियार प्रणाली खरीदने से जीडीपी पर होगा कई गुना असर, चीन-पाक बॉर्डर पर तैनाती होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। बजट का बड़ा हिस्सा देश को घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की हथियार प्रणाली प्रदान करने के लिए घरेलू स्त्रोतों के माध्यम से खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन आदि से लैस किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा बजट 6,21,540.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा का बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ (18.35 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 23-24 के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा में पूंजीगत व्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपये है जो वित्त वर्ष 22-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 23-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है।

## चम्पाई सरकार को समर्थन देने का विधायक हेंब्रम ने किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

फ्लोर टेस्ट से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम की नाराजगी की चल रही खबरों के बीच उन्होंने चम्पाई सोरेन सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया है। लोबिन ने रांची स्थित आवासीय परिसर में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने चम्पाई सोरेन सरकार के गठन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस सरकार को मेरा समर्थन रहेगा। लोबिन हेंब्रम के इस एलान से झारखंड विधानसभा में विश्वास मत से पहले चम्पाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, उन्होंने सरकार के सामने कई मुद्दे भी रखे हैं। लोबिन ने कहा कि झारखंड में शराबबंदी होनी चाहिए। गुरुजी सारे मजहब के लोगों को शराब से दूर रहने की नसीहत देते रहे हैं। लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि पेसा एक्ट झारखंडियों का मूल कवच है। इसे भी लागू किया जाना चाहिए।

**मिशन शुरू**

आईएनएस 'करंज' ने कोलंबो के बंदरगाह पर लंगर डाला, जियांग यांग होंग 03 पहुंचा करीब

## भारतीय पनडुब्बी 'करंज' से 250 समुद्री मील दूर चीनी जहाज ने शुरू किया मिशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मालदीव की ओर जाने वाले चीनी महासागर अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 ने रविवार से भारत, श्रीलंका और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बाहर अपना मिशन शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' ने एक दिन पहले ही इस चीनी जहाज से सिर्फ 250 समुद्री मील की दूरी पर कोलंबो के एक बंदरगाह पर लंगर डाला है। भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' तीन फरवरी को अपनी पहली विदेशी औपचारिक यात्रा पर कोलंबो बंदरगाह पहुंची है। श्रीलंकाई नौसेना ने नौसैनिक परंपराओं के अनुरूप मेहमान पनडुब्बी का स्वागत किया। यह भारतीय पनडुब्बी 67.5 मीटर लंबी है, जिसमें 53 लोगों का दल है। इसकी कमान कमांडर अरुणाभ के पास है। आधिकारिक यात्रा का समापन करते हुए आईएनएस 'करंज' पांच फरवरी को द्वीप से प्रस्थान करेगी। इस बीच इस पनडुब्बी पर श्रीलंका के नौसेना कर्मी एक जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ने कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी का दौरा किया और चालक दल के साथ बातचीत की। श्रीलंका के 100 नौसेना कर्मियों ने भी परिचय ब्रीफिंग के लिए जहाज पर दौरा किया। इस बीच मालदीव और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भेजे जाने वाले चीनी जासूसी जहाजों पर भारतीय नौसेना की पैनी नजर है। नौसेना ने अरब सागर में विदेशी व्यापारिक जहाजों पर हूती उग्रवादियों के लगातार हमलों के बाद भारत की समुद्री सीमा पर चौकसी बढ़ाई है। मालदीव के राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जु के चीन दौरे के बाद चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपना अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 भेजा है, जो मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। इसके 8 फरवरी तक मालदीव की राजधानी माले पहुंचने की उम्मीद है।



**अनुसंधान**

8 भारत, श्रीलंका और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बाहर से गुजरा चीनी अनुसंधान जहाज

## अमेरिका ने हूती के ठिकानों पर किया हमला

**हमला**

8 अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया



**टीम एक्शन इंडिया/सना (यमन)**

संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में आतंकवादी संगठन हूती के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने हूती नियंत्रित यमन में शनिवार को बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने उत्तरी यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे करीब 24 घंटे पहले अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर ईरानी बलों और उनके द्वारा समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया था। अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों के साथ नौसेना की टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने हूती की हथियार भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया। यह हमले ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, डेनमार्क, कनाडा, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की मदद से किए गए।

# राज्यपाल ने उत्तराखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी को दिलाई शपथ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने रविवार को राजभवन में आयोजित समारोह में उत्तराखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी को पद की शपथ दिलाई।
इसके पहले मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राष्ट्रपति की ओर से जारी मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस आरएस चौहान की स्थानांतरण की अधिसूचना पढ़ी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।
रितु बाहरी उत्तराखंड हाई कोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश होंगी। इससे पूर्व में वे पंजाब और



हरियाणा हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं।
पंजाब के जालंधर में 1962 में जन्मीं रितु बाहरी ने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ में की और 1985 में पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल की। 1986 में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में वकालत आरंभ की। इसके बाद हरियाणा एडवोकेट जनरल कार्यालय में अपनी सेवाएं दीं। 16 अगस्त, 2010 को उन्हें पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था।
रितु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस थीं। उन्होंने 14 अक्टूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था। 1986 में वह पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट की दूसरी वरिष्ठतम जज थीं। जस्टिस रितु बाहरी के पिता जस्टिस अमृत लाल बाहरी भी पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में जज रह चुके हैं।
उन्होंने 24 वर्षों की अपनी प्रैक्टिस के दौरान हरियाणा के लिए सहायक महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता और वरिष्ठ उप महाधिवक्ता के रूप में भी काम किया था। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर जारी एक बयान में, एससी कॉलेजियम ने कहा है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने 13 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने 843 रिपोर्ट किए गए निर्णय लिखे, जिनमें से 247 पिछले पांच वर्षों के दौरान दिए गए हैं। इसमें कहा गया है, "उन्होंने देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालयों में से एक में न्याय देने का व्यापक अनुभव हासिल किया है। वह उच्च स्तर की ईमानदारी, आचरण और चरित्र से संपन्न एक सक्षम न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति बाहरी की पदोन्नति से उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा।"

# पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी

**अनुमान**

**8 मौसम विज्ञान के अनुसार पूरे प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के अनुमान मिले हैं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी जारी है। 5 फरवरी तक यह क्रम जारी रहेगा। पिथौरागढ़ और बागेश्वर में 6 फरवरी को भी यह मौसम इसी तरह बना रहेगा।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार पूरे प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के अनुमान मिले हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं कहीं भारी बर्फबारी होने की संभावना जताई गई है जबकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का अनुमान जताया गया है।
मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार चकराता में देर रात से बारिश और बर्फबारी जारी है। सीजन की दूसरी बर्फबारी को लेकर जहां एक ओर सैलानियों और किसानों के चेहरों पर खुशी है वहीं दौरान कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। लम्बे समय से लोगों को इंतजार था। लेकिन लगातार हो रही बारिश और बर्फबारी से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंच रहे सैलानियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी चलाने में मुश्किलें सामने आ रही हैं, लेकिन सभी मुश्किलों को पार करते हुए फिर भी सैलानी बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए चकराता पहुंच रहे हैं।

## यूसीसी लाने का अर्थ पर्सनलला खत्म करना है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अब मुस्लिम सेवा संगठन यूसीसी के विरुद्ध सड़कों पर उतरेगा। मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने रविवार को कहा कि यूसीसी लाना सीधा धर्म विशेष पर प्रहार है। नईम कुरैशी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से ज्ञात हुआ है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड प्रावधानों में से चार प्रावधान सीधे मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमला करते हैं जिससे पता चलता है की यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का मतलब मुस्लिम पर्सनल लॉ को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यू सी सी मैं अनुसूचित जाति जनजाति ट्राइबल एरिया को छोड़ जाना इस कानून के एक होने पर यथोचित प्रश्न खड़े करता है जो प्रदेश के लोगों में अंतर तथा हीन भावना पैदा करेगा।

# विश्व कैंसर दिवस पर जन जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**स्वास्थ्य मिशन**

**8 जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कार्यक्रम का आयोजन किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।
जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) युक्त थर्मल इमेजरी मशीन से महिलाओं की स्तन कैंसर की



स्क्रीनिंग की गई साथ ही आमजन को नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।
कार्यक्रम में मौजूद एस स्वाति भदौरिया, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. द्वारा बताया गया कि कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अत्याधुनिक मशीन के जरिए महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच हेतु इस मशीन का उपयोग पायलट प्रोजेक्ट के रुप में किया गया प्रयास है कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण कैंसर जांच सभी अस्पतालों में मिले।
मिशन निदेशक द्वारा बताया गया कि कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों में आम जनमानस को कैंसर रोग से बचाव हेतु जागरूक करना और इसके लक्षणों की समय से पहचान कर उपचार को प्रोत्साहित करते हुये कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। कैंसर के अधिकतम मामलों में इसका कारण तम्बाकू, धूम्रपान, खराब जीवनशैली एवं गलत खानपान है।
कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि विश्व स्तर पर कैंसर प्रमुख स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में कैंसर का एज स्टैंडर्डाइज्ड रेट 98.5 प्रतिलाख जनसंख्या है। इसके अनुसार उत्तराखण्ड राज्य में लगभग 12,017 व्यक्ति कैंसर रोग से ग्रसित है। सभी प्रकार के कैंसर रोगों में से मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं ग्रीवा कैंसर प्रमुख कैंसर है। कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने हेतु रोगियों में प्रारम्भीक अवस्था में ही लक्षणों की पहचान करते हुये उपचार प्रदान किया जाना आवश्यक है। गैर संचारी रोग (एन.सी.डी.) कार्यक्रम के अन्तर्गत दो प्रकार की स्क्रीनिंग गतिविधियां चलाई जा रही हैं।
पॉपुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग-
सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता से पूरे राज्य में पॉपुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य सामान्य गैर संचारी रोगों (एन.सी.डी.) के लिए 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को स्क्रीन करना जिससे कैंसर के साथ अन्य एनसीडी की समय से पहचान की जा सके और प्रारम्भिक अवस्था में उपचार प्रदान किया जा सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने पूर्व हिस्ट्रीशीटरों और नशा तस्करों की कराई परेड

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जमानत पर बाहर आए शहर के छटे गुंडे बदमाशों, पूर्व हिस्ट्रीशीटरों व नशा तस्करों की ज्वालापुर पुलिस ने थाने बुलाकर परेड कराई। इस दौरान सभी को अपने वर्तमान कार्यों की जानकारी पुलिस को देने व भविष्य में किसी अपराध में संलिप्तता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल के निर्देश पर ज्वालापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने क्षेत्र के समस्त चौकी प्रभारी की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के समस्त हिस्ट्रीशीटरों, पूर्व के अवैध शराब,स्मैक व गांजा तस्करों व छटे अपराधियों को थाने बुलाकर उनकी परेड कराई। इस दौरान सभी से उनके वर्तमान कार्यों की जानकारी जुटाई गई और सभी को ये हिदायतें दी गई कि भविष्य में यदि कोई भी किसी तरह के अपराध में संलिप्त होने व अपराध की पुनरावृति में पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा सभी पूर्व अपराधियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वह जो भी कार्य कर रहे हैं उसकी जानकारी ज्वालापुर पुलिस को देंगे।

### लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे 03 नाबालिग हिरासत में

**-होटल में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाने का था शौक, सिर पर डंडे से वार कर, करते थे लूट**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देहात क्षेत्र में पगडंडी पर लोगों से छीना झपटी कर लूट के संबंध में मिल रही सूचनाओं पर कोतवाली मंगलौर ने कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया है।
मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में राह चलते लोगों को लूटने की घटनाओं के संबंध में पीड़ित मिथुन पुत्र जोगिंदर निवासी नगला सलारु ने 30 दिसम्बर को पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात तीन बदमाश तथा मोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी कुमराडी ने 01 फरवरी को स्वयं के साथ लूट की घटना के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।
पुलिस ने जानकारी इकट्ठा कर अगली लूट होने से पहले ही संभावित स्थल पर पहुंचकर लुटेरों को रंगे हाथ दबोचने के लिए टीम संभावित स्थान के चारों तरफ फैल गई। कुछ समय बाद ही हाथ में डंडा लिए 03 युवक मौके पर पहुंचे तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया।
तीनों से पूछताछ में पता चला कि तीनों युवक नाबालिग हैं और पैसा कमाने के शौक के चलते ये तीनों मिलकर अकेले राहगीर के सर पर डंडा मारकर पैसे लूट लेते हैं। फिर लूट का पैसा तीनों मिलकर होटल में अच्छा खाना खाने एवं अपने शौक पूरा करने के लिए करते थे।
पुलिस टीम ने तीनों नाबालिगों से विधिनुसार लूटा गया मोबाइल, लूट की घटना में प्रयुक्त डंडा और लूटी गई नकदी में से बचे हुए 15 सौ रुपये भी बरामद किए।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से गई गाय की जान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दो दिन पूर्व रात्रि के दौरान हरकी पैड़ी के निकट सुभाषघाट पर भूमिगत लाइन में करंट से एक गाय की मौत हो गई थी। इसके बाद व्यापारियों से हंगामा भी किया था।
इस मामले में विभागीय कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। भूमिगत बिजली लाइन के चैंबरों में लापरवाही से तारों को टेप से जोड़कर छोड़ दिया गया है। जब कभी पानी या किसी कारण से ये तार लोहे के चैंबर से छू जाते हैं तो पूरे चैंबर में करंट आ जाता है।
दो दिन पूर्व रात भी यही हुआ, जब बारिश के कारण पूरा चैंबर भीगा हुआ था, तब नीचे टेप से निकला एक तार लोहे के चैंबर से टच हो रहा था। उसके ऊपर से गुजरती एक गाय उसकी चपेट में गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बाद में बिजली विभाग ने लाइट बंद कर मृत गाय को वहां से हटाया। चैंबर को खोलकर देखने पर विभाग की लापरवाही सामने आई। हालांकि भूमिगत बिजली लाइनों की पूरे शहर में यही स्थिति है जबकि हरकी पैड़ी के निकट सुभाषघाट पर यह चैंबर पैदल घाट के बीच में बनाए गए हैं। इनके ऊपर से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है जबकि बारिश में इन घाटों पर पानी भर जाता है। ऐसे में टेप से जोड़कर लोहे के चैंबरों में छोड़े गए भूमिगत बिजली लाइनों के यह तार कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

# गाली-गलौज बनी रमेश की हत्या का कारण



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विगत 30 जनवरी को जनपद के कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर जट में अधेड़ की नाले में मिली लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को बरामद कर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
मामले का मंगलौर कोतवाली में खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि मंगलौर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर जट में अकेले रह रहे वृद्ध का बिस्तर खून से सना होने व वृद्ध के गायब गायब होने की सूचना मिली थी। बाद में मृतक का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर गंदे नाले से बरामद हुआ था। घटना के खुलासे के लिए तमाम पुलिस अधिकारियों एवं फॉरेंसिक टीम ने स्वान दल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए कई टीमें गठित की गईं।
प्रारंभिक तौर पर धारदार हथियार से हत्या की बात सामने आई। किसी प्रकार का साक्ष्य उपलब्ध न होने के कारण पुलिस के लिए हत्याकांड का खुलासा चुनौती बना हुआ था। हत्या के मामले में सुखपाल पुत्र रूपराम निवासी मोहम्मदपुर जट कोतवाली मंगलौर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस जांच में सामने आया की संदिग्ध अंकित जो लगातार अपने ठिकाने बदलता है तथा जंगलों में निवास करता है, का मृतक से वातार्लाप होता था, लेकिन पिछले कुछ समय से विवाद भी था।
मुखबिर की सूचना पर नारसन क्षेत्र में पैदल जा रहे संदिग्ध 26 वर्षीय अंकित पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी मोहम्मदपुर जट को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर सारा मामला खुल कर सामने आ गया। यह भी जानकारी में आया कि अंकित कई दिनों बाद राजस्थान से वापस लौटा था। पूछताछ में सामने आया कि अंकित की दोस्ती कबूतर पालन और पेंटर का काम करने वाले मृतक रमेश से थी। अंकित ने मृतक रमेश के समय-समय पर कुछ कबूतर मार दिए। जिस कारण अंकित के सामने आने पर मृतक रमेश बार-बार अंकित को गाली देता था।

## नैनीताल में रात्रि से हो रही बारिश, बर्फबारी की संभावना

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के विभिन्न स्थानों के साथ नैनीताल और पहाड़ों पर एक बार फिर रात्रि से ही बारिश शुरू हो गयी है। इससे मौसम और अधिक सर्द हो गया है। अलबत्ता अभी नगर की ऊंचाई वाली चोटियों में भी हिमपात नहीं हुआ है, लेकिन हिमपात की संभावना बनी हुई है।
गौरतलब है कि मौसम विभाग ने आज के लिए चेतावनी जारी की है। इस पर जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को सजग व सतर्क रहने को कहा है। झील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश गैड़ा ने बताया कि सुबह 8 बजे तक ढाई मिलीमीटर बारिश हुई है।

# दाखिल खारिज के नाम पर तहसील में हो रहा जनता का उत्पीड़न: सेठी

**मांग**

**8 सेठी ने अपने पत्र में कहा कि दाखिल खारिज के नाम पर फाइलों को बिना सेटिंग-गेटिंग फाइनल नहीं किया जाता है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने तहसील में लगातार जनता के परेशान होने पर जिम्मेदार पटवारियों, अमीनों के स्थानांतरण की मुख्यमंत्री से मांग की है।
सेठी ने अपने पत्र में कहा कि दाखिल खारिज के नाम पर फाइलों को बिना सेटिंग-गेटिंग फाइनल नहीं किया जाता है। आमजनता को चक्कर कटवाए जाते हैं। कोई तय सीमा दाखिल खारिज की तहसील में तय नहीं है। लोग रोजाना वकीलों से फाइल डलवाकर मोटी रकम देने के बाद भी चक्कर लगाते है जबकि दाखिल खारिज रजिस्ट्री के साथ ही हो जाना चाहिए, लेकिन बार-बार की प्रक्रिया में आम आदमी को परेशान किया जाता है।
उन्होंने कहा कि यही हाल तहसील में अन्य प्रमाण पत्रों की जांच से लेकर बनाने में जनता को धक्के खाने पड़ते हैं। तहसील में कुछ लोगों की वजह से भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जिस कारण से आमजनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आमजनता की सुविधाओं को लेकर तहसील में दाखिल खारिज प्रक्रिया को सरल बनाये जाने, उसकी समय सीमा तय किए जाने और तय सीमा में काम न करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की।
मांग करने वालों में महामंत्री नाथीराम सैनी,जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल, महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, एस एन तिवारी, राकेश सिंह, सोनू चौधरी, गौरव गौतम,अनिल कुमार,राहुल शर्मा, राकेश अरोड़ा, देवेंद्र सिंह रहे।

# भाजपा नगर मंडल की गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक

**बैठक**

**8 सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने के लिए कार्यकताओं को टिप्स दिए गये**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी ब्लाक सभागार में रविवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र राणा की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कार्यकताओं को गांव में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने के लिए कार्यकताओं को टिप्स दिए गये।
नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा



ने कहा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर गांव चलो अभियान के तहत केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे हम सबका उद्देश्य यह होना चाहिए ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।
इस अवसर पर संयोजक भरत चौधरी,सह संयोजक भरत चौधरी, रंजना रावत, पुष्पा चौधरी, प्रदीप चौहान, अम्बरीष थपलियाल, वेदप्रकाश सती, मीनू रावत आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शुरू, येलो अलर्ट जारी

**आसार**

**8 पांच जनपदों में ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात होने आसार है**

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार को ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला शुरू है। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं -गढ़वाल मंडल के पांच जनपदों में ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात होने आसार हैं। पहाड़ों पर ऊंची चोटियों पर



बर्फबारी का क्रम जारी है।
शनिवार से ही जनपद में बादल छाए हुए हैं जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का क्रम जारी है। निचले इलाकों में बारिश हुई, जिसकी वजह से जिले भर में शीत लहर चल रही है। इसके कारण ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। गंगोत्री -यमुनोत्री और हरकी दून, हर्षिल ,दयारा की पहाड़ियों की चोटियां बर्फ से लकदक हो गई हैं। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अगले दो दिन में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। इसके कारण उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाली क्षेत्रों में भारी हिमपात और मैदानी जिलों में कहीं-कहीं गरज- चमक के साथ ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।
गौरतलब है कि साल में दूसरी बार आज रविवार को एक बार फिर पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हो रही है।
मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार, 2500 मीटर व इससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी के आसार बताए गए थे। जबकि उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी बताई गई है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है।

# नौली-धोतीधार मोटर मार्ग: जनांदोलन के लिए जनप्रतिनिधियों ने बनायी रणनीति

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के हापला में प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा के नेतृत्व में नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण में हो रही देरी को लेकर रविवार को पोखरी ब्लाक के जनप्रतिनिधियों ने आन्दोलन की रणनीति को लेकर बैठक की। इसमें कहा गया कि यदि मोटर मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया जाता है तो आगामी 10 फरवरी से तहसील मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा।
प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा ने कहा धोतीधार मोटर मार्ग



निर्माण को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कई बार विधायक राजेंद्र भंडारी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को लिखित रूप दिया गया है। लेकिन दोनों प्रतिनिधियों ने अभी तक सड़क निर्माण को लेकर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की है। इससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और इसी को लेकर आन्दोलन करने का निर्णय लिया जा रहा है। उन्होंने कहा 10 फरवरी से तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और परिवहन निगम के अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

**नियुक्ति पत्र**

**8 परिवहन विभाग के अन्तर्गत चयनित 16 सहायक लेखाकारों को भी मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में परिवहन निगम के अन्तर्गत चालक एवं परिचालक पद के लिए 106 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इन अभ्यर्थियों को मृतक आश्रित के रूप में परिवहन विभाग में नियुक्ति दी गई है। परिवहन विभाग के अन्तर्गत चयनित 16 सहायक लेखाकारों को भी मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का फ्लैग ऑफ किया। इस अभियान के तहत सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा कैलेण्डर और सड़क सुरक्षा पर आधारित डाटा बुक का विमोचन भी किया। 16 महिलाओं को परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण देने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर परिवहन निगम और परिवहन विभाग के सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी नौकरी की शुरूआत से ही अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से निर्वहन करें। परिवहन सेवा को सुचारु रखने के लिए चालक और परिचालक का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आत्म अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौकरी की शुरूआती चरण से ही अपनी नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करना शुरू करेंगे, तो यही दिनचर्या आदत में शामिल हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम डॉ. आनन्द श्रीवास्तव एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बाधाएं कब बांध सकीं हैं, पथ पर बढ़ने वालों को: भारती

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान देहरादून में रविवार को आश्रम सभागार में दिव्य सत्संग-प्रवचनों एवं मधुर भजन-संर्कीतन के कार्यक्रम का विशाल स्तर पर आयोजन किया गया। शुभारम्भ में भजनों की सुन्दरतम प्रस्तुति के द्वारा मंचासीन ब्रह्ज्ञानी संगीतज्ञों ने उपस्थित भक्तजनों को भाव-विभोर करते हुए अनेक भजनों का गायन किया। साध्वी जी ने कहा कि जो सो रहा है वह ह्यकलियुग है, जो अंगड़ाई ले रहा है वह द्वापर है, जो उठ कर खड़ा हो गया वह त्रेता है और जो चल रहा है वह सतयुग है। चलते रहने वाला ही सतयुग में प्रवेश भी पाता है और चलते रहने पर ही मोक्ष का वरण भी कर पाता है। इसलिए बाधाएं कब बांध सकीं हैं, पथ पर बढ़ने वालों को। यह बात सदैव एक भक्त को स्मरण रहनी चाहिए।

भजनों में व्याप्त आध्यात्मिक गूढ़ार्थों की समग्र विवेचना करते हुए मंच का संचालन साध्वी विदुषी सुभाषा भारती जी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि परमात्मा जब मनुष्य पर प्रसन्न होते हैं तो वे उसे कोई दुनियावी वस्तु, कोई भौतिक पदार्थ भेंट स्वरूप न देकर उसे संतों का संग प्रदान कर दिया करते हैं अर्थात सत्संग की प्राप्ति करवा देते हैं। प्रभु के साथ प्रेम तथा उस प्रेम की प्रगाढ़ता के लिए पूर्ण गुरू का दिव्य सत्संग अत्यंत आवश्यक है, इसे महापुरूषों ने भक्ति की प्रथम पाठशाला भी कहा है। प्रभु श्री राम ने भी जब भक्तिमति शबरी को नवधा भक्ति का वरदान दिया तो प्रथमतः यही कहा- प्रथम भक्ति सन्तन कर संगा......। ईश्वर से यदि कोई सांसारिक वस्तुएं, भौतिक पदार्थ मांगे तो यह तो भक्ति के बदले चाही गई मजदूरी की ही तरह है, यह वस्तुएं तो वैसे भी क्षणभंगुर हैं, आज हैं, कल नहीं। ईश्वर से यदि कुछ मांगना ही हो तो, ईश्वर से ईश्वर को मांग लेना चाहिए। यदि ईश्वर मिल गए तो उनका सकल साम्राज्य ही भक्त का हो जाता है। जिस प्रकार सूर्यादय होने पर अंधकार का जाना तय है उसी प्रकार प्रभु के मिल जाने पर अज्ञानता के अंधकार का और समस्त अभावों का समाप्त हो जाना भी तय है।

भक्तों ने तो यही कहा- हे प्रभु किसी से क्या मांगूं, मैं तुझसे ही मांगता हूं, तुझसे भी क्या मांगूं, मैं तुझी को मांगता हूं। साध्वी जी ने अपने व्याख्यान में आगे बताया कि गुरू भक्ति का जो मार्ग है, यह एक भक्त को भक्ति की सर्वोच्चता और सम्पूर्णता की ओर उन्मुख करने वाला दिव्य मार्ग है। गुरू यदि प्रसन्न हैं तो ईश्वर स्वतः ही प्रसन्न हो जाया करते हैं। बस! आवश्यकता इतनी भर है कि शिष्य से ऐसा कुछ भी न हो जाए जिससे गुरूदेव की प्रसन्नता में लेश मात्र भी कमी आ पाए।

# ऋषिकेश: एम्स में हर दिन आते हैं कैंसर के 30 से 40 नए मरीज

**कैंसर**

**8 एम्स ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. दीपक सुंद्रियाल ने बताया कि पुरुषों में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है।**



ऋषिकेश
स्तन कैंसर व बच्चेदानी के मुंह का कैंसर महिलाओं में बढ़ रहा है। वहीं एम्स ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. दीपक सुंद्रियाल ने बताया कि पुरुषों में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है।

एम्स ऋषिकेश में हर दिन करीब 30 से 40 कैंसर के नए मरीज आते हैं। जिनमें 5 से 6 महिलाएं स्तन कैंसर व 3 से 4 महिलाएं बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से पीड़ित होती हैं। एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि महिलाओं में स्तन कैंसर का प्रमुख कारण पाश्चात्य संस्कृति की ओर रुझान व जागरुकता की कमी है।

देर से शादी, देर से गर्भधारण करना व बच्चे को स्तनपान न कराना स्तन कैंसर का प्रमुख कारण है। वहीं जागरुकता व जानकारी के अभाव में स्तन कैंसर लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020 में स्तन कैंसर का आंकड़ा भारत में 2 लाख था। जिसकी 2025 तक 2 लाख 32 हजार होने की आशंका जताई गई है। वहीं बच्चेदानी के मुंह का कैंसर का आंकड़ा 75 हजार था, जिसकी 2025 तक 85 हजार होने की आशंका जताई गई है। यह आंकड़े नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इनफोरमेटिक एंड रिसर्च बंगलूरू के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के हैं।

बच्चेदानी के मुंह के कैंसर के नहीं होते प्रारंभिक लक्षणक

एम्स गायनी विभाग की कैंसर विशेषज्ञ प्रो. शालिनी राजाराम कहती है कि बच्चेदानी के मुंह के कैंसर के प्रारंभिक लक्षण नहीं होते। जब मरीज में लक्षण दिखाई देने शुरू होते हैं तो वह एडवांस स्टेज का होता है। इस कैंसर से बचाव के लिए स्क्रीनिंग व टीकाकरण जरूरी है। हर महिला को 30 साल की उम्र पार करने के बाद नियमित रूप से स्क्रीनिंग करानी चाहिए। साथ ही 9 से 14 साल तक की आयु तक टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। यह उम्र टीकाकरण के लिए सबसे बेहतर है। लेकिन 26 साल की उम्र तक भी टीकाकरण कराया जा सकता है।

कहा कि बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव के लिए टीका बाजार में उपलब्ध है। बच्चेदानी के मुंह का कैंसर का प्रमुख कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (ლढश) है। इससे कोशिकाओं में बदलाव होते हैं, जिसकी वजह से जननांगों पर मस्से या प्रीकैंसर या गर्भाशय ग्रीवा, योनि, वल्वा, गुदा के कैंसर होते हैं।

एम्स में होती है हर रोज स्क्रीनिंग

प्रो. शालिनी ने बताया कि एम्स के गायनी विभाग में पहुंचने वाली महिलाओं की स्कीनिंग की जाती है। यह सुविधा एम्स में पिछले वर्ष अगस्त माह से शुरू कर गई थी। अगस्त से दिसंबर तक 600 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई है। जिसमें करीब पांच फीसदी महिलाओं में बच्चेदानी के मुंह का प्री कैंसर पाया गया। जिनका कि एम्स में उपचार चल रहा है।

पुरुषों में बढ़ रहा मुंह का कैंसर

एम्स ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. दीपक सुंद्रियाल ने बताया कि पुरुषों में मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। एम्स में प्रतिदिन 6 से 7 मरीज मुंह के कैंसर के पहुंच रहे हैं। गुटखा व तंबाकू जनित उत्पादों का सेवन मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण है।

# पूर्व छात्र संगठन ने चाइनीज मांझे पर रोक को लेकर दिया ज्ञापन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
डा. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को संदीप अरोड़ा के नेतृत्व में कनखल थाना प्रभारी भावना कैंथोला से चाइनीज मांझे पर रोक की मांग को लेकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने चाइनीज व प्लास्टिक मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

संदीप अरोड़ा ने कहा कि चाइनीज मांझे से बच्चे से लेकर बड़ों तक हर कोई पीड़ित है। साथ ही असंख्य पशु-पक्षी भी घायल हो रहे हैं या मर रहे हैं। इस पर प्रभावी रोक लगाई जानी चाहिए।

# हिमपात के बाद कड़ाके की ठंड, पर्यटकों का पहुंचना जारी

**बर्फबारी**

**8 रात्रि से निचले इलाकों में बारिश ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी लगातार जारी है।**



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग का पूवार्नुमान एक बार फिर सही साबित हुआ है। बीते रोज दोपहर बाद मौसम ने करवट बदलना शुरू किया और रात्रि से निचले इलाकों में बारिश ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी लगातार जारी है।

हिमक्रीड़ा केन्द्र औली मे सुबह चार बजे से बर्फबारी शुरू हुई और रविवार को पूरे दिन रुक रुक कर हिमपात होता रहा। अब तक औली के जीएमवीएन कैम्पस मे डेढ़ फीट तक बर्फ जम चुकी है, जबकि स्कीइंग स्लोप से दस नंबर टावर तक दो से ढाई फीट तक बर्फ की मोटी चादर बिछी है।

बर्फबारी और वीकेंड के कारण पर्यटकों का भी औली आना जारी है। जीएमवीएन स्कीइंग कोर्स की भी तैयारी में जुटा है। मुख्य स्कीइंग प्रशिक्षक किशोर डिमरी के अनुसार निगम द्वारा 7 फरवरी से स्कीइंग कोर्स शुरू किया जा रहा है।

औली के साथ ही नीती-माणा घाटियों के साथ ही डुमक, कलगोठ, सलूड़ व भ्यूंडार वैली मे भी जबर्दस्त हिमपात जारी है। बद्रीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से तीन किमी आगे से बर्फ से पटा है, बीआरओ की मशीनें मौके पर मौजूद है और बर्फबारी थमने का इंतजार है।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया गया नरेश बंसल का जन्मदिन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा नरेश बंसल के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता ने विभिन्न सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए। सैकड़ों लोगों को कैंट विधान सभा में कम्बल वितरण किए तथा जगह जगह निःशुल्क खून की जांच शिविर लगाए। पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को रस के पैकेट/फल वितरण कर सादगी के



साथ सांसद का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल कहा कि यह भाजपा के ही संस्कार हैं कि अपने खुशी के पल भी हम अपनी जनता के बीच उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन के वरिष्ठ लोगों को सम्मान देने के लिए जन्मदिन को भी आयोजन बना लेता है जो अपने आप में महत्वपूर्ण है। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर सबका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, राजेन्द्र बाल्मीकि,सुमन सिंह,हरीश मित्तल,शशि कपूर, राजकुमार तिवारी,सुरेश प्रजापति,दीवन चंद प्रजापति,प्रमोद थापा,अंकित कुमार, लक्ष्मी रावत,सीमा डांगवाल ,रजनी सिंह आदि उपस्थित थे।

# थिंकिंग पिक्चर्ज ने यूएई में वीएफएक्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म कंपनी लॉन्च की

**देहरादून।** वैश्विक मनोरंजन उद्योग में अग्रणी कंपनी, थिंकिंग पिक्चर्ज लिमिटेड, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी रणनीतिक विस्तार की घोषणा करती है, जिसमें वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक नवीनतम वीएफएक्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म कंपनी की स्थापना के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार करती है। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ, कंपनी वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के क्षेत्र में नए व्यापार और ओटीटी कंटेंट वितरण के क्षेत्र में भी उतरती है।

थिंकिंग की फिल्म -विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की शूटिंग शुरू हो गई है। उम्मीद है कि यह ड्रीम गर्ल की तरह जबरदस्त हिट होगी। पिछले साल की शुरूआत में, कंपनी ने ग्रामलालीष, गुगली, क्वैक शंभू आदि जैसी कई फिल्मों की घोषणा की थी। उच्च गुणवत्ता वाली सिनेमाई अनुभवों को देने के दृढ़ संकल्प के साथ, थिंकिंग पिक्चर्ज लिमिटेड का यूएई में विस्तार का फैसला वैश्विक विस्तार और विविधता के प्रति कंपनी के दृष्टिकोण से पूरी तरह से मेल खाता है। यूएई की रणनीतिक स्थिति, विश्व-स्तरीय ढांचा और उभरते मनोरंजन उद्योग इसे कंपनी के अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन के लिए आदर्श हब बनाते हैं। यह नवीनतम वीएफएक्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म कंपनी यूएई में थींकिंग पिक्चर्ज लिमिटेड के उद्देश्यमुखी अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए मूलभूत आधार के रूप में काम करेगी। कंपनी इस क्षेत्र में अपने विस्तृत अनुभव का लाभ उठाकर उच्च गुणवत्ता वाले विजुअल इफेक्ट्स और पोस्ट-प्रोडक्शन सेवाओं की मांग को पूरा करने के लिए उद्योग में बढ़ती मांग का फायदा उठाना चाहती है। यह यूएई वेंचर, कंपनी को विश्व के हर कोने से ग्राहकों और परियोजनाओं की सेवा करने की सुविधा देगा।

इसके अलावा, थिंकिंग पिक्चर्ज लिमिटेड अपना खुद का ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा करती है। यह प्लेटफॉर्म विभिन्न भाषाओं में सभी फिल्मों और वेब सीरीज की एक विविध लाइब्रेरी प्रदान करेगा, जो एक वैश्विक दर्शक-वर्ग को ध्यान में रखते हुए स्थानबद्ध की जाएगी। इससे, कंपनी अपनी पहले से बनाई गई विस्तृत लाइब्रेरी से लाभ उठाने और वैश्विक दर्शकों से राजस्व उत्पन्न करने का इरादा रखती है। इस नए उद्यम और इसमें आने वाली असीमित संभावनाओं के बारे में कंपनी की प्रबंधन टीम बहुत उत्साहित है। अपनी यात्रा के इस नए अध्याय में प्रवेश करते, थिंकिंग पिक्चर्ज लिमिटेड का कटिंग-एज मनोरंजन अनुभव देने के प्रति संकल्प दृढ़ है।

# महेंद्र भट्ट बोले, दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर सभी विधायक सत्र में सकारात्मक चर्चा में करें शिरकत


देहरादून, 04 फरवरी (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विधानसभा सत्र में जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सभी विधायकों से दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर सकारात्मक चर्चा में सहभागिता का आग्रह किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जारी बयान में कहा कि अनेक जनकल्याणकारी विषयों से संबंधित

# बारिश और बर्फबारी से चमोली जिले में बढ़ी ठंड, लोग घरों में दुबके

**बर्फबारी**

**8 ऊंचाई वाले स्थानों पर लगातार हो रही बर्फबारी से कई स्थानों पर तीन से चार फीट तक बर्फ जम गई है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के विभिन्न स्थानों पर शनिवार देर रात्रि से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है, जिससे जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ठंड के कारण लोग घरों में ही दुबके हुए हैं। ऊंचाई वाले स्थानों पर लगातार हो रही बर्फबारी से कई स्थानों पर तीन से चार फीट तक बर्फ जम गई है। जिले के पर्यटन स्थलों में भारी बर्फबारी के चलते पर्यटन व्यवसायी काफी खुश नजर आ रहे हैं। काश्तकार भी इस बारिश को अपनी फसल के लिए लाभकारी मान रहे हैं। एक और दो फरवरी को भी जिले में बारिश और बर्फबारी हुई थी। तीन को मौसम कुछ खुला रहा लेकिन देर सांय बाद फिर से आसमान में बादल घिर आये और बारिश शुरू हा गयी जो रविवार तक भी जारी है।

निचले स्थानों पर झमाझम बारिश हो रही है तो ऊंचाई वाले स्थानों पर जमकर बर्फबारी है। बारिश और बर्फबारी के चलते पूरा जिला शीतलहर की चपेट में आ गया है। बढ़ती ठंड के कारण लोग काफी परेशान हाल भी दिख रहे है। रोज कमाकर घर परिवार चलाने वालों को लिए लगातार बारिश परेशान किये हुए हैं। बर्फबारी के कारण बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, हिमक्रीड़ा स्थली औली, चोपता, देवाल विकास खंड के मुख्य पर्यटन स्थल ब्रह्मताल भेकलताल लोहाजंग, रूपकुंड, वेदनी, बगजी आली, बुग्यालों के साथ दूरस्थ गांव वाण, कनोल, दिदिना, घेस, वलाण, हिमनी, रामपुर तोरती, झलिया, उदयपुर,सौरीगाड आदि गांव में हुई बर्फबारी से स्वेत चादर बिछ गई है। क्षेत्र के किसान भैरव दत्त मिश्रा, ब्रजमोहन गडिया, त्रिलोक सिंह, हीरा पहाड़ी ने बारिश और बर्फबारी को खेती के लिए अच्छा बताते हुए कहा कि खेतों में सूखे की मार झेल रही फसल अब अच्छी हो सकेगी।

# मंत्री ने चोटी पर तिरंगा लहराने को अंकित कुमार को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को कैंप कार्यालय में साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर उत्तराखंड के अंकित कुमार भारती को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंकित कुमार भारती साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी जिसकी ऊंचाई 5895 मीटर है , उस पर तिरंगा लहराने के लिए बहुत ही उत्साहित हैं।मंत्री जोशी ने अंकित कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड से सम्मानित दिवंगत पर्वतारोही सविता कंसवाल को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह अभियान माउंटेनियर



अंकित कुमार ने प्रारंभ किया है। मंत्री ने कहा कि अंकित के पैर में रॉड डली होने के बाद भी उन्होंने समर्पित होकर उस किलिमंजारो की चोटी को फतह करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि माउंटेनियर अंकित कुमार युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं।

सन् 2022 में साहसिक खेलों में अंकित कुमार के कूल्हा में स्टील की रॉड डाली गयी। इसके बावजूद भी उन्होंने पर्वतारोहण नहीं छोड़ा है। अंकित ने बताया कि इस अभियान को करने का उद्देश्य उत्तराखंड और भारत के युवाओं को संदेश देना है कि कितनी विपरीत परिस्थितियों हमें हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए और जीवन में असंभव लक्ष्यों को संभव बनाना चाहिए। इस आरोहण के संपन्न होने से इस मेटल रॉड के साथ किलिमंजारो चोटी पर जाने वाला पहला युवा भारतीय बनेगा और वे उत्तराखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के पहले सदस्य होंगे जो इस अभियान को पूरा करेंगे।

इस अवसर पर सचिव उत्तराखण्ड एथलेटिक्स के.जे.एस कलसी, अन्तरराष्ट्रीय कोच गुरफूलसिंह, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नेगी, सविंद्र सिंह, राष्ट्रीय कोच अवतार सिंह आदि उपस्थित थे।

# पंचायत कर्मियों के हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित किया जाएगा: महाराज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पंचायत सेवा परिषद की ओर से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के फंक्शनल मर्जर के विरोध में 12 दिन 17 से 28 जनवरी 2023 की हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित कर दिया गया है। इससे इन कार्मिकों को हड़ताल अवधि में कटे वेतन का भी लाभ मिल पायेगा।

पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोकनिर्माण, पर्यटन, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आज जारी अपने एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि पंचायत सेवा



परिषद की ओर से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के फंक्शनल मर्जर के विरोध में 12 दिन 17 से 28 जनवरी 2023 को हड़ताल की गई थी। हड़ताल की अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित करने की पंचायत कर्मियों की मांग पर कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है जिससे अब इन कार्मिकों के सेवा संबंधी प्रकरणों का समाधान संभव हो पायेगा और हड़ताल अवधि में कटे वेतन का भुगतान भी किया जायेगा।

मंत्री महाराज ने कहा कि धामी सरकार हमेशा कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनके हितों का हमेशा ध्यान रखा जायेगा। पंचायत कर्मी भी पंचायतों को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए अधिक मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें।

## संपादकीय

# शिक्षा से ही स्वर्णिम भारत की कल्पना साकार होगी

**देश को** अगले तीन दशकों के बीच यानी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाते वक्त विकसित देशों में शुमार करने का संकल्प बड़ा ही आकर्षक है। हालांकि हालात कैसे करवट बदलते हैं कोई नहीं जानता। इसलिए दावे से यह नहीं कहा नहीं जा सकता कि 2047 तक दुनिया क्या रूप ले लेगी। आज की स्थितियां बनी रहेंगी या कुछ और नक्शा बनेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सन सैंतालीस से अब तक के दौर में इतिहास भूगोल के साथ काफी कुछ घटित हो चुका है। यह भी हो सकता है उस मुकाम तक पहुंचते-पहुंचते 'विकसित' का मायने ही कुछ और हो जाए। इसलिए इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि विकसित भारत से हमारा क्या आशय होगा। राम-राज्य चाहिए पर वह व्यवस्था जिसमें सभी कुशल क्षेम से रहें उसके पैमाने बहुत स्पष्ट नहीं हैं। आज के भारत में निश्चय ही अनेक मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता मिली है और देश निःसंदेह आगे बढ़ा है। देश की न केवल आधार-संरचना विस्तृत और मजबूत हुई है बल्कि खाद्यान उत्पादन, स्वास्थ्य सुविधाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामरिक तैयारी आदि की दृष्टि से हमने अच्छी बढ़त हासिल की है। फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें आज के हालात में सुधार की बहुत गुंजाइश है। हम जहां हैं वह स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती । सभी लोग यह चाहते हैं कि जो है उससे बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग-धंधों की स्थिति, कानून व्यवस्था, और अच्छे प्रशासन की ओर हम आगे बढ़ें। सुशासन की इस महत्वाकांक्षी पर जायज परिकल्पना को मूर्त रूप देने की इच्छा सब में है। सभी राजनैतिक दल इसके लिए सहमति, सक्रियता और तत्परता दिखाते लगते हैं। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कई उल्लेखनीय कदम आगे बढ़ाए हैं। यह निश्चित ही एक बड़ी छलांग है कि आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थ-शक्ति के मुकाम पर पहुंच गया है। हमने यह भी देखा था कि कोविड महामारी जैसी विकट संकट वाली चुनौती का सामना कर देश आगे बढ़ा और उसके झटके के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकने में सफल रहा। जीझ20 की बैठक कई दृष्टियों से फलदायी रही है। उसके चलते आज भारत की अंतरराष्ट्रीय राजनय में साख बढ़ी है। देश और बाहर के कई सूत्रों से भारत की वर्तमान स्थिति के उत्साहवर्धक आकलन को देखते हुए अमृत-काल की परिणति के रूप में स्वर्णिम भारत का सपना स्वाभाविक लगता है। यह आकार ले सकता है और जरूर मुमकिन हो सकता है बशर्ते हमारी क्षमता और कुशलता हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाए। हमको भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी और उत्कृष्टता को कार्य-संस्कृति में आत्मसात कर उसे लागातार बनाए रखना होगा। तभी जीवन की गुणवत्ता संवर्धित हो सकेगी। इस सोच के अनुसार आगे चलने में चरित्र और नैतिकता की केंद्रीय भूमिका होगी। सच कहें तो सबका लक्ष्य जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि है। यह सरकार और जनता दोनों का एक साझे का सतत चलने वाला सरोकार है। इन सबके बीच में गरीबी दूर करने का उद्देश्य सर्वोपरि स्वीकार किया गया है । स्वतंत्र भारत की आज तक की सभी सरकारें इसके लिए काम करती आ रही हैं और विभिन्न उपायों से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास चलता आ रहा है बिचौलियों की हेराफेरी से लाभ हितार्थियों तक नहीं पहुंच पाते थे।

# प्रदूषण का थर्मामीटर भी प्लास्टिक प्रदूषण की जद में

सुनील कुमार महला

"हां यह भी विदित हो कि माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक के वे कण होते हैं, जिनका व्यास 5 मिमी. से कम होता है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए माइक्रोप्लास्टिक छोड़ रहे हैं, हालांकि वर्तमान में जो प्लास्टिक अंटार्कटिका में मिला है वह हमारी पीढ़ी का नहीं है। कुछ समय पहले प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अंटार्कटिका के आसपास के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अब तक अनुमानित पांच गुना अधिक है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिक महासागर लगभग 8.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है और पृथ्वी के महासागरों का 5.4% प्रतिनिधित्व करता है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र असुरक्षित है। ब्रिटिश शोधकताओं ने अंटार्कटिक सागर में प्रवाह या माइक्रोप्लास्टिक के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी का अध्ययन किया है"

**अंटार्कटिका** दुनिया के प्रदूषण का थर्मामीटर कहलाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पृथ्वी का दक्षिणतम महाद्वीप है, जिसमें दक्षिणी ध्रुव अंतर्निहित है। यह दक्षिणी गोलार्द्ध के अंटार्कटिक क्षेत्र और लगभग पूरी तरह से अंटार्कटिक वृत के दक्षिण में स्थित है। यह चारों ओर से दक्षिणी महासागर से घिरा हुआ है। लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज अंटार्कटिका जैसी ठंडी जगह भी प्रदूषण से पूरी तरह से मुक्त नहीं है और अंटार्कटिका महाद्वीप पर पानी में प्लास्टिक के कण मिले हैं। कहना गलत नहीं होगा कि धरती पर मौजूद सभी सात महाद्वीपों में अंटार्कटिका सबसे ठंडा महाद्वीप है और वो इसलिए कि यहां का 98 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढंका हुआ है। कहते हैं कि लगभग दो किलोमीटर की मोटी परत के रूप में बर्फ अंटार्कटिका की धरती पर फैली हुई है। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित इस महाद्वीप पर तेज हवाएं चलती हैं, यहां का तापमान हमेशा चार डिग्री से नीचे ही रहता है। रिसर्चरों ने इस बात की खोज की है कि दुनिया का अत्यंत ठंडा ये महाद्वीप भी प्रदूषण की जद में आ चुका है। धरती के कोने पर आबादी से बहुत दूर होने के बावजूद यहां पानी में प्लास्टिक के कण मिलना हर किसी को अंचभित करता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यहां प्रदूषण फैला कैसे ? तो इसका सटीक उत्तर यह है कि मानव ही कहीं न कहीं इसका कारण है। यहां पर प्रदूषण का पता लगाकर रिसर्चर धरती पर लगातार बढ़ते प्रदूषण का हाल जान जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पर ताजे पानी का बहुत बड़ा विशाल भंडार है जिसमें माइक्रोप्लास्टिक के कण मिले हैं। प्रश्न उठता है कि आखिर ये प्लास्टिक आता कहां से है जबकि यहां पर आबादी न के बराबर है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक अपने आप में एक प्रदूषक है। प्रकृति या सागर कभी भी प्लास्टिक पैदा नहीं करते हैं। प्लास्टिक मानव ही निर्मित करता है और मानव जनित गतिविधियों के कारण ही आज अंटार्कटिका जैसी जगह भी प्लास्टिक से अछूती नहीं रही है। यहां पानी में सूक्ष्म जीवों के साथ प्लास्टिक के कण भी मिले हैं। इस प्लास्टिक का यहां होना इलाके के जीवों के लिए बहुत ही खतरनाक है। वास्तव में, माइक्रोप्लास्टिक कछुओं और पक्षियों सहित जलीय जीवों को नुकसान पहुँचाता है। यह पाचन तंत्र को



अवरुद्ध करता है, और खाने के व्यवहार को बदल देता है। इसके बाद, यह समुद्री जानवरों में वृद्धि और प्रजनन उत्पादन को कम कर देता है। विदित हो कि वैज्ञानिकों ने क्रस्टेशियंस, कीड़े, मछली, समुद्री कछुए और सील सहित सैकड़ों समुद्री जानवरों में माइक्रोप्लास्टिक का पता लगाया है और उन्हें उत्तरी अटलांटिक से लेकर तटीय अर्जेंटीना से लेकर दक्षिण चीन सागर तक दुनिया भर में प्लास्टिक खाने वाले जानवर मिले हैं। वास्तव में अंटार्कटिक जल में प्लास्टिक प्रदूषण एक उभरता हुआ खतरा है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक्स कई स्त्रोतों से आ सकते हैं यथा व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद जैसे टूथपेस्ट, शैंपू और शॉवर जैल, कपड़े धोने से सिंथेटिक फाइबर और प्लास्टिक मलबे के बड़े टुकड़ों के टूटने से। माइक्रोप्लास्टिक आर्कटिक और अंटार्कटिक के समुद्रों में पाए गए हैं, जिनमें सतही जल और गहरे समुद्र और उथले तलछट शामिल हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि न्यूजीलैंड में कैंटरबरी विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने अंटार्कटिका में 19 स्थानों से नमूने एकत्र किए और प्रत्येक में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े थे।माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक सामग्री के क्षरण से उत्पन्न होते हैं और चावल के दाने से भी छोटे होते हैं - कभी-कभी नग्न आंखों के लिए भी अदृश्य होते हैं शोधकताओं को पिघली हुई बर्फ में प्रति लीटर औसतन 29 कण मिले हैं। उन्होंने 13 विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक की पहचान की और सबसे आम पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) था, जिसका उपयोग ज्यादातर शीतल पेय की बोतलों और कपड़ों में किया जाता था। यह 79% नमूनों में पाया गया। कहना गलत नहीं होगा कि आज हम धरती के दिल कहलाने वाले इस खूबसूरत महाद्वीप को लगातार अपनी गतिविधियों से गंदा व प्रदूषित कर रहे हैं। अंटार्कटिका में प्लास्टिक का मिलना यह दशार्ता है कि दुनिया अपने कचरे का निस्तारण ठीक से नहीं कर रही है और धरती पर लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। आज अंटार्कटिका में जो प्लास्टिक मिल रहा है, संभवतया वह बहुत पहले इस्तेमाल हुआ होगा, क्यों प्लास्टिक के ये कण बहुत ही महीन हैं और प्लास्टिक को अपघटित होने में सैकड़ों हजारों वर्ष का लंबा समय लग जाता है। यहां यह भी विदित हो कि माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक के वे कण होते हैं, जिनका व्यास 5 मिमी. से कम होता है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए माइक्रोप्लास्टिक छोड़ रहे हैं, हालांकि वर्तमान में जो प्लास्टिक अंटार्कटिका में मिला है वह हमारी पीढ़ी का नहीं है। कुछ समय पहले प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अंटार्कटिका के आसपास के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अब तक अनुमानित पांच गुना अधिक है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिक महासागर लगभग 8.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है और पृथ्वी के महासागरों का 5.4% प्रतिनिधित्व करता है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र असुरक्षित है। ब्रिटिश शोधकताओं ने अंटार्कटिक सागर में प्रवाह या माइक्रोप्लास्टिक के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी का अध्ययन किया है। उन्होंने गणना की है कि क्षेत्र में पर्यटन, मछली पकड़ने और वैज्ञानिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों से 500 किलोग्राम तक माइक्रोबीड्स और 25.5 बिलियन सिंथेटिक फाइबर प्रति दशक पानी में प्रवेश करते हैं। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 के एक स्टडी में यह अनुमान लगाया गया है कि अंटार्कटिक प्रायद्वीप के पास सतही जल में प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन लगभग 1,800 प्लास्टिक के टुकड़े थे। जानकारी देना चाहूंगा कि माइक्रोप्लास्टिक अंटार्कटिक महासागर की सभी परतों में पाए जाते हैं, जिसमें दक्षिणी ध्रुव के तट पर समुद्र तल भी शामिल है। एडवेंचर साइंस के हालिया शोध से पता चलता है कि अंटार्कटिक प्रायद्वीप के आसपास के समुद्र में प्रति लीटर औसतन 22 माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होते हैं। दक्षिणी शेटलैंड द्वीप समूह में किए गए एक अन्य अध्ययन में छह से 11 मीटर की गहराई पर प्रति वर्ग मीटर 766 प्लास्टिक कण पाए गए। माइक्रोप्लास्टिक (चावल के दाने से छोटे प्लास्टिक के टुकड़े) पाए गए हैं, जो बर्फ के पिघलने में तेजी लाकर जलवायु को प्रभावित कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि माइक्रोप्लास्टिक भी ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को बढ़ा सकता है। दुनिया भर में परमाफ्रास्ट, हिमशिखर और ग्लेशियर पहले से ही तेजी से पिघल रहे हैं और वैज्ञानिकों का कहना है कि इन स्थानों पर जमा गहरे रंग के माइक्रोप्लास्टिक सूर्य की रोशनी को अवशोषित करके तथा स्थानीय ताप वृद्धि कर स्थिति को बदतर बना सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया है कि माइक्रोप्लास्टिक का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जीवों में विकास, प्रजनन और सामान्य जैविक क्रियाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही साथ इनका मनुष्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शोधकताओं ने पाया है कि अंटार्कटिका में 13 अलग-अलग प्रकार के प्लास्टिक पाए गए, जिनमें सबसे आम पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर शीतल पेय की बोतलें और कपड़े बनाने के लिये किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आज दुनिया भर में पर्वत श्रृंखलाओं पर तेजी से पिघलने वाले ग्लेशियर खतरनाक होते जा रहे हैं, जिससे भूस्खलन और हिमस्खलन हो रहा है।

## कविता

### अब कहां मिलता है साहब स्वादिष्ट पकवान पहले वाला

।

हाँ, देखा है मैंने..

चिकनी मिट्टी से बना चूल्हा।

हर घर आँगन में धरा पर धरा।

धीरे धीरे पकता था साग हरा हरा।

धरा पर बैठ जाती थी घर की बाला।

बनाती थी भोजन शुद्धिकरण वाला।

सेंकती थी रोटियां, चूल्हा था मिट्टी वाला।

सब बैठ जाते थे धरा पर खाने निवाला।

होता था भोजन मलाई मक्खन वाला।

हाँ आज देख रहा हूँ सब कुछ बदला
बदलाड्ड्ड्ड्ड्ड्ड

अब कहां मिलता है साहब स्वादिष्ट पकवान
पहले वाला।

आज भोजन खड़े होकर बनाते हैं नर नारी।

-डॉ. अशोक

# न्याय में देरी और साइबर क्राइम पर चिन्ता

प्रेम शर्मा

**सुप्रीम कोर्ट** की 75 वर्ष गॉठ पर न्याय में देरी पर पीएम एवं मुख्य न्यायधीश की चिन्ता जाएज है। हालांकि इस तरह की चिन्ता वर्षो से जताई जा रही है। इसके अलावा साइबर क्राईम की घटनाओं में जिस तरह से वृद्वि हो रही है उस पर चिन्ता के साथ इस पर विराम लगाने के प्रयास तत्काल प्रभाव से शुरू करना देश की सरकार की प्राथमिकता बन चुका है। एआई को लेकर भी एक बड़ी चिन्ता देश के आम से लेकर खास तक में घुसपैठ कर चुकी है। ऐसी स्थिति में देश की सरकार को न्यायालय में रिक्त पदों पर भर्ती, न्याय प्रक्रिया को निपटाने के लिए समयावधि का निर्धारण, साइबर क्राईम रोकने के लिए तकनीकि दक्ष युवाओं की भर्ती, स्पेशल और संसाधनों से परिपूर्ण साइबर सेलों का गठन अब वक्त की आवश्यकता बन चुका है।न्याय में देरी को लेकर बातें तो बहुत होती हैं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने तारीख पर तारीख के सिलसिले पर चिंता प्रकट की थी लेकिन इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं दे सका कि आखिर न्यायाधीश मामलों की सुनवाई को टालने या फिर अगली तारीख देने के लिए राजी ही क्यों हो जाते हैं ? देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के दशकों बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है।

## विचार

# कैंसर को सजगता, जांच और शीघ्र इलाज से ही हराया जा सकता है

डा मनमोहन प्रकाश

**पिछले** कुछ दशकों से प्राप्त हो रहे कैंसर रोगियों के आंकड़ों ने भारत में सभी को चिंता में डाला है। बच्चे-जवान-बुढ़े, स्त्री-पुरुष सभी को इस रोग ने अपना शिकार बनाया है। इस रोग के कारण मृत्यु की संख्या भी अच्छी खासी है। दुःख यह जान कर होता है कि मरने के कारणों में सही समय पर सही चिकित्सक से इलाज न कराना प्रमुख है। जबकि चिकित्सक और सरकार बार-बार यह प्रचारित कर रहे हैं कि कैंसर रोग जटिल अवश्य है पर असाध्य नहीं।रोग की आरंभिक स्थिति में जांच करा कर इलाज आरंभ करने पर इस रोग से मुक्ति पाकर सामान्य जीवन जीने की संभावना अधिक हो जाती है। शासकीय और प्रायवेट चिकित्सा संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाएं यदि विभिन्न कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों पर निशुल्क कैंसर जांच कैंप आयोजित करती हैं और रोगी को इलाज हेतु उचित परामर्श देती हैं तो इस रोग से मरने वालों का आंकड़ा बहुत कम किया जा सकता। अतः जन सामान्य को इस रोग के आरंभिक लक्षणों से परिचित करा कर भी हम उन्हें चिकित्सा केन्द्रों पर जाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। कैंसर के कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार है:-

(1)बिना किसी विशेष कारण के शारीरिक बजन का घटना और थकावट महसूस करना।
(2) अचानक भूख न लगना।
(3) लगातार कहीं दर्द बना रहना।
(4)बार-बार जी मिचलाना और उल्टी होना।
(5) मल-मूत्र के साथ रक्त का निकलना।
(6)शरीर के किसी भी अंग या स्थान पर गठान का बनना तथा उसमें वृद्धि होना।
(7) योनि से असामान्य सफेद रिसाव या रक्त का निकलना।
(8) लंबे समय तक कफ रहना या कफ में रक्त निकलना।
(9)मुख में न ठीक होने वाले अल्सर का होना।
(10)मसा या तिल के आकार और रंग में परिवर्तन आना।
(11) आंखों की रोशनी का निरंतर घटना।
(12) लंबे समय तक बुखार बने रहना।
(13)सर दर्द बना रहना आदि।

उपर्युक्त में से एक या एक से अधिक लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लें और आवश्यक जांच करायें।यह ध्यान रखने योग्य बात यह है कि कैंसर रोग को मात दी जा सकती है यदि आरंभिक लक्षण दिखने पर उचित चिकित्सिय परामर्श लें कर इलाज लिया जाता है। परिजनों के लिए विशेष सलाह है कि वे झाड़-फूंक, टोने-टोटके से बचें। ईश्वर पर विश्वास करें और चिकित्सक पर भरोसा रखें और हिम्मत रखें।विभिन्न अध्ययनों से यह भी पता चला है कि कैंसर होने की संभावनाओं को बहुत कुछ हद तक कम किया जा यदि हम निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देते हैं:-

(1) नियमित जीवन शैली अपनाएं।
(2) नशा वृत्ति से दूर रहें यथा तम्बाकू, गुटखा, पान-मसाला, शराब यदि के सेवन से बचें।
(3) पोषणयुक्त सात्विक आहार का उपयोग करें,जंक फूड से बचें।
(4) शरीर की लंबाई के अनुकूल आदर्श शरीर के बजन को बना कर रखें। क्योंकि हम सब इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि मोटापा विभिन्न रोगों को आमंत्रित करता है।
(5) नियमित व्यायाम/योग/प्रणायाम शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण है और स्वस्थ शरीर विभिन्न बिमारियों को दूर रखता है।
(6) तनाव और चिंता मुक्त रहें।ये दोनों किसी भी समस्या का हल नहीं है अपितु शरीर में कई समस्याओं को जन्म अवश्य दे सकते हैं।
(7) अपने शरीर पर ध्यान दें , अचानक पैदा होने वाले लक्षणों के बारे में चिकित्सक से बात करें।
(8) यदि संभव हो तो समय-समय पर कैंसर ही क्यों अन्य रोगों की भी जांच करायें।
(9)जिन कैंसर के लिए टीका उपलब्ध है उसे अवश्य लगवाए। अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कैंसर को रोकने के लिए दो टीके उपलब्ध है (अ)

एचपीवी टीका,यह ह्यूमन पेपिलोमावायरस से बचाता है जिसकी लंबे समय तक शरीर में उपस्थित कुछ प्रकार के कैंसर जैसे सर्वाइकल कैंसर,गुदा कैंसर, योनि कैंसर, लिंग कैंसर ,ऑरोफरीन्जियल कैंसर आदि को जन्म दे सकती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एमपी लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**एमपी** विधानसभा चुनाव में एक तरफा पराजय के बाद कांग्रेस ने अपने सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन किए है। प्रदेश के नवगठित कांग्रेस संगठन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती आगामी लोकसभा चुनाव में आने वाली है। जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी लहर पर सवार देश और प्रदेश की जनता के मध्य कांग्रेस के पक्ष में मतदाताओं का मन बनाना होगा, इससे पूर्व प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए जनता से जुड़े चेहरों का चयन करना प्रदेश कांग्रेस के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं होगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एमपी की 29 लोकसभा सीटों में कांग्रेस महज एक सीट पर विजय हो पाई थी। वह सीट एमपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ की थी। प्रदेश में लगातार दो लोकसभा चुनावों से कमजोर प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस क्या आगामी लोकसभा चुनाव में अब तक का सबसे कमजोर प्रदर्शन करने जा रही है.? या फिर कांग्रेस के नवगठित प्रदेश संगठन के पास कांग्रेस का सम्मान बचाने या बढ़ाने की कोई रणनीति है ? इन सुलगते सवालों के बीच प्रदेश में कांग्रेस संगठन की नैय्या हिचकोले खाती दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के आकस्मिक परिवर्तन से जहां पुराने नेताओं की नाराजगी साफ दिखाई दे रही है, कमलनाथ जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिन्हे इंदिरा गांधी का तीसरा पुत्र कहा जाता है, इस वक्त संदेह के घेरे में दिखाई दे रहे है। वहीं कांग्रेस का लचर संगठन जमीनी स्तर पर अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम दिखाई दे रहा है।

अमूमन देश के सभी प्रदेशों में कांग्रेस का एक सा हाल है, किंतु मध्यप्रदेश में जो कांग्रेस 2018 के विधानसभा चुनावों में

सत्ता तक पहुंच चुकी थी। जिसे ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने सत्ता से बेदखल कर दिया था, वर्ष 2023 तक आतेझआते सत्ता से दूर ही नहीं कोसो दूर हो गई। कांग्रेस के विधानसभा प्रदर्शन से नाराज हाईकमान ने कमलनाथ के स्थान पर राऊ विधानसभा के पूर्व विधायक युवा और तेजतर्रार नेता जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी, विपक्ष के नेता के तौर पर गंधवानी से युवा विधायक उमंग सिंगार को जवाबदेही दी गई।

# (पृथ्वी की उष्णता खतरनाक

संजीव

**आने वाले** महीनों में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ताबड़तोड़ गर्मी होने वाली है उनके अनुसार यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है।

## न्यूज फ्लैश

### 1 किलो 190 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर नजदीक महाराणा प्रताप चौक करनाल से आरोपी उमेश पुत्र गणेशी वासी वार्ड नंबर 14, करोर बेगूसराय बिहार हाल किरायेदार नजदीक महाराणा प्रताप चौक करनालइ को गिरफ्तार किया। आरोपी की कब्जे से 1 किलो 190 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी उमेश के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी उमेश यह गांजा पत्ती अनाज मंडी करनाल से अनजान व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी एक रिक्शा चालक है। आरोपी यह गांजा पत्ती घर खर्च चलाने के लिए लेकर आया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली और जुआ खेलने वाले तीन आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना रामनगर की टीम ने अलग-अलग मामलों में सट्टा खाईवाली करने और जुआ खेलने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के कब्जे से जुए में लगाई गई 2310 रुपए की राशि बरामद की गई है।

पहले मामले में थाना रामनगर की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बाई पास शिव कॉलोनी में आरोपी राजेश उर्फ बनिया पुत्र उमेश प्रसाद वासी रामनगर को काबू कया। तलाशी लेने पर आरोपी राजेश से 1210 रुपए नगद बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दूसरे मामले में थाना रामनगर की टीम ने मद्रासी मोहल्ला से आरोपी राजू पुत्र देवराज और कुमार पुत्र गुरुनाथ वासियान मद्रासी मोहल्ला रामनगर के काबू किया। आरोपियों के कब्जे से 1100 रुपए नगद और ताश बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया।

### नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड, एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म ने बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी प्रत्येक 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी कर-के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इसके तहत 500 करोड़ रुपए तक का फ्रेश इश्यू और 21,052,629 इक्विटी शेयरों तक कुल मिलाकर बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

नॉर्दर्न आर्क एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म है जो मुख्य रूप से भारत में अल्प-सेवा वाले परिवारों और व्यवसायों की विविध खुदरा ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ स्थापित किया गया है। नॉर्दर्न आर्क ने भारत में अपने केंद्रित क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने में डोमेन विशेषज्ञता विकसित की है। ये प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वित्तपोषण, माइक्रोफाइनेंस, उपभोक्ता वित्त, वाहन वित्त, किफायती आवास वित्त और कृषि वित्त। नॉर्दर्न आर्क क्रमशः 13 वर्षों, 14 वर्षों और आठ वर्षों से अधिक समय से एमएसएमई, एमएफआई और उपभोक्ता वित्त क्षेत्रों में काम कर रहा है। कुल मिलाकर 21,052,629 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश में लीपफ्रॉग फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडिया ;प्ध्द्ध लिमिटेड द्वारा कुल मिलाकर 4,922,949 तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, इस ऑफर में शामिल हैं।

# घरौंडा में हुआ दो दिवसीय दसवें सब्जी एक्सपो मेले का शुभारंभ

### शुभारंभ कार्यक्रम में उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक रहे मुख्य अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** उद्यान विभाग द्वारा घरौंडा में स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में दो दिवसीय 10वें सब्जी एक्सपो मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज कुमार कुंडू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग के सयुंक्त निदेशक डॉ.पी.सी. संधू ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक मनोज कुमार कुंडू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरंक्षित खेती को सब्जी उत्कृष्ट केंद्र तक सीमित न रखकर इस तकनीक को प्रदेश के हर किसान के खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह हर जिले में 500 किसान मित्र तैयार करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की बागवानी खेती का पूरे भारत में नाम प्रसिद्ध है। पिछले 10 सालों में प्रदेश के बागवानी विभाग ने जो तरक्की की है,वह किसी अन्य राज्य ने नहीं की है। जिसका परिणाम यह है कि आज प्रदेश की बागवानी का पूरे भारतवर्ष में अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं विभाग के प्रयासों से वर्तमान में बागवानी अर्थात सब्जियों की खेती के लिए नई-नई तकनीके किसानों के लिए लाई जा रही है। किसानों को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बाहरी राज्यों की सब्जियां एवं फलों की किस्म को अपनाना चाहिए, ताकि प्रदेश की मंडीयो में भी किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो हर जिले में 500 किसान मित्र तैयार किए जाएंगे। वह किसानों को संरक्षित खेती करने के लिए प्रेरित करेंगे और किसानों को इसके होने वाले फायदे व मुनाफे के बारे में अवगत करवाएंगे।

सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा के उपनिदेशक डॉ.बिल्लू कादियान ने बताया कि विभाग द्वारा लगाए गए इस दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन प्रदेश भर के हजारों किसानों ने रुचि दिखाई और आयोजन में पहुंचकर नई-नई तकनीको की जानकारियां ली। इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों व अन्य कृषि विशेषज्ञों ने मेले में लगे सभी स्टालों का अवलोकन भी किया।

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू - उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू कर दिया है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल की है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें।

श्रम विभाग द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा।

## इनैलो के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव : शेर सिसंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल के सेक्टर-4 में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी ने प्रदेश स्तरीय ऐतिहासिक बूथ योद्धा कार्यकत्रा सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकत्रा पहुंचे। इस दौरान अपने संबोधन में पार्टी के अध्यक्ष शेर सिंह राणा ने इनेलो के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार बनाने और अभय सिंह चौटाला को सीएम बनाने का दावा किया। शेर सिंह राणा ने कहा कि आज पार्टी का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन किया गया है। बूथ योद्धाओं के साथ हम विचार-विमर्श करेंगे, क्योंकि वे ही लोगों तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी पूरी मजबूती के साथ काम करेगी। उन्होंने बताया कि हमारी पार्टी बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर फील्ड में उतरी है, क्योंकि आज युवा बेरोजगार है और विदेशों की तरफ पलायन कर रहा है। अगर हमारी सरकार प्रदेश में बनती है तो सबसे पहले युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। अगर कोई 12वीं पास युवा बेरोजगार है तो उसको 5 हजार रुपए, ग्रेजुएट को 10 हजार और पोस्ट ग्रेजुएट को 15 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। शेर सिंह राणा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार है। पिछले 10 साल में भाजपा ने हर वर्ग की कमर तोडने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर हम सत्ता में आते हैं तो किसान भाइयों ने जो कर्ज लिया हुआ है, उसको माफ किया जाएगा।

## शकील खान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश सचिव नियुक्त



**सोनीपत:** पूर्व जिला अध्यक्ष शकील खान को हरियाणा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। शकील खान ने प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी , हरियाणा प्रदेश महामंत्री व राई से विधायक मोहन लाल बडोली ,हरियाणा प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी राजीव जैन , प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जान मोहम्मद व सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## रचनाकारों ने बांधा समां

### चनाकारों ने रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधा



**टीम एक्शन इंडिया /करनाल /राजकुमार प्रिंस।** कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में मानव के बौद्धिक विकास और रचनात्मक शक्ति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रचनाकारों ने रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधा, वहीं गायकों ने आवाज का जादू बिखेर तालियां बटोरी। मंच संचालन कर रहे शिक्षक अश्विनी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। क्लब के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि जीवन की पगडंडी पर मुझे गहरे होते दाग मिले, कहीं जलते हुए मकान मिले तो कहीं बुझते हुए चिराग मिले। डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि रास्ते खुद ही तबाही के निकाले मैंने कर दिया दिल पत्थरों के हवाले मैंने, मैंने तो चुप रहने की कसम खाई है कर दिया खुद को खुदा के हवाले मैंने। समाजसेवी अंजु शर्मा ने कहा कि दोस्त ना कभी करे अहसान बात मेरी जाओ जान, भले रहे वो दूर या पास क्रोध करे कुछ देर बाद में जाए मान। साहित्यकार मो. साबिर खान ने कहा कि नफरतें यूं ही अगर कायम रही तो एक दिन, आदमी से आदमी का फासला हो जाएगा। पंक्तियों के माध्यम से सामाजिक भाईचारे को मजबूती प्रदान की। रचनाकार ममता प्रवीण ने कहा कि यह राम प्रतिपल पल-पल गढ़ा गया सच्चरित्र है, यह राम गंगा की धारा सा पावन पवित्र है।

डॉ. कमर रईस सोनीपत ने कहा कि जिनके अच्छे हकीब होते हैं, उनके आला नसीब होते हैं।

## शकीरा गाय ने बनाया एशिया रिकॉर्ड 24 घंटे में दिया 80.756 किलो दूध, कुरुक्षेत्र मेले में जीती बुलेट

### पशुपालक सुनील वर्ष 2013 से डेयरी फार्म का काम कर रहे हैं, इससे पहले उनके दादा और पिता यह काम करते थे



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस**

जिले के झिंझाड़ी गांव की शकीरा गाय ने 24 घंटे में 80 लीटर 756 ग्राम दूध देकर एशिया में एक नया कीर्तिमान रचा है। शकीरा ने एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इसके साथ ही इस गाय ने कुरूक्षेत्र में हुए मेले में बुलेट बाइक भी जीती है।

पशुपालक सुनील वर्ष 2013 से डेयरी फार्म का काम कर रहे हैं। इससे पहले उनके दादा और पिता यह काम करते थे। इतना ही नहीं सुनील और उसका भाई शैंकी एचएफ नस्ल की ब्रीडिंग पर भी काम कर रहे हैं और उसी का परिणाम सबके सामने है। सुनील ने बताया कि शकीरा को हर रोज डाइट में 40 किलो साइलेज, दो किलो सूखी तूड़ी, 10 किलो हरा चारा और 20 किलो मिक्स फीड दी जाती है। उन्होंने बताया कि उनके पास जितनी भी गाय हैं, सभी को यही डाइट दी जाती है। अलग से कुछ नहीं दिया जाता। शकीरा को सभी गायों के साथ ही रखा जाता है। पशुपालक सुनील मेहला ने बताया कि वह अपने भाई शैंकी के साथ मिलकर डेयरी फार्म का काम करता है। 12 साल से हम डेयरी क्षेत्र में हैं। एचएफ गाय की ब्रीडिंग के ऊपर सबसे ज्यादा फोकस रखा जाता है। मेरे भाई शैंकी ने गाय का नाम शकीरा मिल्किंग चैंपियन रखा है। शकीरा की यह चौथी ब्यौंत थी और यह करीब साढ़े छह साल की है। इसी के साथ इसने एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड बनाया है और कुरुक्षेत्र मेले में बुलेट बाइक जीती है। सुनील का कहना है कि उसके पास मौजूदा समय में लगभग 120 पशु हैं और शकीरा को भी आम पशुओं की तरह ही रखा जाता है। ऐसा नहीं है कि इसे कोई स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जाता हो। चूंकि इस गाय को प्रतियोगिताओं में ले जाया जाता है, इसलिए इसके खान-पान का थोड़ा सा ध्यान रखा जाता है। वह कितना खा रही है और स्वास्थ्य कैसा है।

सुनील ने बताया कि डीएफए संस्था द्वारा प्रतियोगिता रखी गई थी। इसमें हरियाणा व पंजाब से पशुपालक अपनी बेहतरीन नस्ल की गायों को लेकर पहुंचे थे।

**बेहतरीन नस्ल**

8 डाइट में 40 किलो साइलेज, दो किलो सूखी तूड़ी, 10 किलो हरा चारा और 20 किलो मिक्स फीड दी जाती है

## विदेश व जेल में बैठकर अपराधी गैंग चला रहे हैं: बजरंग गर्ग

**गोहाना:** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि अपराधियों द्वारा मातु राम हलवाई की दुकान पर दिनदहाड़े लगभग 40 फायरिंग करने व फिरौती मानने वाले 3 अपराधियों व अन्य को पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तार करना सराहनीय है।

**मांग**

8 जो भी अपराधी शामिल है बाकी सब अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए: गर्ग

बजरंग गर्ग ने कहा कि जिस अपराधी ने विदेश में बैठकर फोन कर धमकी देने का काम किया है और जो भी इस कांड में अपराधी शामिल है बाकी सब अपराधियों को पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत गिरफ्तार किया जाए और विदेश व जेल में बैठकर अपराधी गैंग चला रहे हैं उन अपराधियों का सरकार को पक्का इलाज करना चाहिए। जब तक अपराधियों का पक्का इलाज नहीं हो जाता तब तक हरियाणा में अपराध पर अंकुश लगना मुश्किल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हर रोज हरियाणा में अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती, हत्या व चोरी करने से प्रदेश के व्यापारी में आम जनता में पूरी तरह से भय का माहौल है। प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। सरकार को व्यापारी व आम जनता को जान माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। हरियाणा में अपराधी अपराध करें उससे पहले ही उनको पकड़ कर जेल में डालने का काम पुलिस प्रशासन को करना चाहिए ताकि व्यापारी व उद्योगपति हरियाणा में भय मुक्त होकर अपना व्यापार कर सके।

## यातायात जागरूकता अभियान: ट्रक चालकों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** आज जिला के विभिन्न ढाबों पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के दौरान वाहनों पर गति सीमा नियन्त्रण स्टीकर और रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए।

यातायात टीम ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, वाहन चलते समय नशीले पदार्थ और बीड़ी-सिगरेट का प्रयोग न करने बारे समझाया गया। साथ ही ट्रक चालकों को जीटी रोड पर निर्धारित बाई लेन पर चलने बारे जागरूक किया गया। ट्रक चालकों को निर्धारित गति पर अपनी गाड़ी चलाने बारे भी जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अधिकतर सडक हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रोंगटर्न, ओवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, सेल फोन ऑन रोड आदि पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि सडक हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। यातायात थाना प्रबंधक द्वारा ट्रक चालकों को समझाया गया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार अगर आप यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

## करनाल पहुंची 100 करोड़ के घोटाले की आंच



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा सहकारिता विभाग में 100 करोड़ के घोटाले की जड़ें करनाल तक जुड़ी हुई हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो ने सहकारिता विभाग करनाल की एक महिला अधिकारी सहित सहित 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक पानीपत का अधिकारी भी शामिल है। पूरे प्रकरण में हरियाणा से 10 अधिकारी अरेस्ट हो चुके हैं। जिनमें से एक बर्खास्त हो चुका है और दो के नाम टर्मिनेशन के लिए आगे भेजे हुए हैं। ऐसे में और अधिकारियों के भी संलिप्त होने की संभावना है और एसीबी उन सभी तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई है। एसीबी ने करनाल सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार रोहित गुप्ता, सहायक रजिस्ट्रार अनु कौशिश, ऑडिटर ऑफिसर बलविंद्र सिंह और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामकुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया, जहां पर उनसे सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान भी पुलिस को काफी इनपुट मिले हैं और उसके बाद इन चारों को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक घोटाला करने वाले कुछ अधिकारियों ने तो अपने घर सोलर पैनल लगवा लियाए किसी ने कहीं और जगह पर पैसे इन्वेस्ट कर दिए। किसी ने एलइडी खरीद ली।

एसीबी इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि रेवाड़ी से यह मामला शुरू हुआ था। गुरुग्राम एसीबी ने जांच शुरू की तो सिर्फ रेवाड़ी ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों के अधिकारियों की संलिप्तता भी इसमें मिली।

## 'राम मंदिर एक आस्था से जुड़ा हुआ कदम है, जिसे राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए'

### भाजपा ने जीटी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस**

भाजपा ने देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर 146 कलस्टर बनाए हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर तीन कलस्टर बनाए गए हैं, इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा ने जीटी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया है। उनकी अध्यक्षता में आज सेक्टर-9 स्थित भाजपा कार्यालय करण कमल में चारों सीटों के नेताओं की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने 2024 के चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान राज्य सभा सांसद कृष्ण पंवार कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करता है। 2024 के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए काम कर रहा है। वहीं उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राम मंदिर एक आस्था से जुड़ा हुआ कदम है, जिसे राजनीति से नहीं जोड ?ा चाहिए। करोड़ों भारतीयों की आस्था राम मंदिर से जुड़ी हुई है, मगर विपक्ष जिस तरह से राम मंदिर पर राजनीति कर रहा है, वह गलत बात है। उन्होंने कहा कि आस्था और राजनीति अलग-अलग होनी चाहिए। कांग्रेस की न्याय यात्रा और हर हर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस मुहिम को भी उन्होंने एक राजनीतिक हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि हर एक राजनीतिक पार्टी चुनाव के दौरान इस तरह के कदम उठाती है, लेकिन लोगों के मन में सिर्फ और सिर्फ भाजपा है।

बैठक में पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हतोत्साहित है। वे ऐसे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने लगे है, जिनको बोलते हुए भी शर्म आती है। जनता भी कांग्रेस द्वारा फैलाए हुए अराजकता वाले शासनकाल को नहीं भूली है। कांग्रेस के भेदभावपूर्ण वाले रवैये को लोग नहीं भूल पाए हैं। अब कांग्रेस का कुछ नहीं है।

**बैठक**

8 हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर तीन कलस्टर बनाए गए हैं, इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए है

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने ने म्युजिक लाइसेंसिंग ऑथोरिटी की पुष्टि की: पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

एक उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराईट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए म्युजिक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराईट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरकरार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराईट मालिकों एवं एक्सक्लुजिव लाइसेंसियों के अधिकारों पर जोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युजिक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमजोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराईट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा।

जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा। 1941 में स्थापित पीपीएल ने 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कई मामलों में जीत हासिल की है, जिनमें जाने-माने नाम जैसे सोशल, फर्जी कैफे तथा ओलिव बार एण्ड किचन शामिल हैं। कोर्ट के आदेश कॉपीराईट के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव लाकर म्युजिक उद्योग पर दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 05 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## लखनऊ में तिहरे हत्याकांड के आरोपित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**लखनऊः** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में दो फरवरी को जमीन की पैमाईश को लेकर हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा रविवार को पुलिस ने करते हुए दो हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पिता-पुत्र के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई रायफल भी बरामद कर ली गयी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि तिहरे हत्याकांड में फरार चल रहे सिराज खान उर्फ लल्लन खान, उसके पुत्र फराज उत्तराखण्ड के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में हैं। वह अपने लखनऊ और मुरादाबाद के दोस्तों के सम्पर्क में थे। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पिता-पुत्र को धर दबोचा। राहुल राज ने बताया कि ग्राम मोहम्मदनगर में जमीन के सीमांकन व पैमाईश को लेकर चल रहे विवाद पर लेखपाल ने दोनों पक्षों को नोटिस देकर बुलाया था। पक्षकार सलमान, सिराज अहमद उर्फ लल्लन, फरीद खान एवं उसके चचेरे भाई मुनीर वहां पर पहुंचे। विवाद के दौरान पैमाईश नहीं हो सकी और सभी पक्ष वापस चले गये। फरीद जैसे अपने घर पहुंचा तो थोड़ी देर बाद सिराज अपने पुत्र फराज के साथ कार में लोडेड रखी लाइसेंसी रायफल लेकर ड्राइवर अशफीर्लाल फरीद के घर पहुंच गये। फुरकान भी मोटर साइकिल से आ गया। इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद होने लगा, तभी लल्लन ने रायफल ने फरीद के पुत्र हंजला के सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी। बीच-बचाव में चचेरे भाई मुनीर को गोली मार दी। इस बीच फराज ने पिता से रायफल छीनकर फरीद की पत्नी फरहीन को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। चारों आरोपित फरार हो गये। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर फरार अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। हालांकि इससे पहले एक आरोपित अशफीर्लाल को गिरफ्तार कर लिया था।

## मेघालय में 3.5 तीव्रता का भूकंप, लोग अपने घरों से बाहर निकले

**शिलांगः** मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में रविवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार ईस्ट गारो हिल्स जिले में दोपहर 02 बजकर 37 मिनट 15 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और दहशत फैल गई। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में जमीन में 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 25.80 उत्तरी अक्षांश तथा 90.69 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# 'सरकार की नीयत पर निर्भर है विकास'

## देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन रहा यूपी : मुख्यमंत्री

नयापन

- यदि सरकार भ्रष्ट, बेईमान होगी तो उसके परिणाम भी उसी प्रकार के देखने को मिलेंगे: सीएम योगी




**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदलाव, नयापन और विकास के लिए सरकार की नीयत को जवाबदेह करार दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी प्रदेश का विकास वहां की सरकार की नीयत पर निर्भर है। सरकार पारदर्शी और ईमानदार होगी तो उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। यदि सरकार भ्रष्ट, बेईमान होगी तो उसके परिणाम भी उसी प्रकार के देखने को मिलेंगे जैसे कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में देखने को मिलते थे। मुख्यमंत्री योगी रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर में एक मीडिया समूह की तरफ से आयोजित विमर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश विषयक विमर्श में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकार की नीयत विकास की रही तो आज उत्तर प्रदेश आर्थिक निवेश का महत्वपूर्ण गंतव्य बन गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग 14वें स्थान से दूसरे स्थान पर हो गई है और अब नम्बर वन की लड़ाई है। आबादी में पहले स्थान वाला यह राज्य देश की छठवीं अर्थव्यवस्था था, आज यह नंबर दो की अर्थव्यवस्था हो गया है। अगले पांच सालों में अग्रणी स्थान पर होगा। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर यह प्रदेश अगले तीन वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सात साल पहले वाला इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, विकास जनकल्याणकारी योजनाओं के लिहाज से बदहाल राज्य नहीं रह गया है। अब यह हर दूसरे-तीसरे दिन दंगों के लिए जाने जाना वाला, नागरिकों की पहचान का संकट वाला और चौपट उद्योग-कारोबार वाला राज्य भी नहीं है।

अब तो यह दंगामुक्त, कानून व्यवस्था का रोल मॉडल, नागरिक पहचान को देश-दुनिया में सम्मान दिलाने वाला और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर व नीतियों के संगम से निवेश का सर्वोत्तम गंतव्य बनकर देश की अर्थव्यवस्था का अग्रणी और ग्रोथ इंजन बनने वाला नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है।

### 'यूपी के युवाओं के सामने था पहचान का संकट'

`सीएम योगी ने कहा कि दस वर्ष पूर्व भारत की स्थिति क्या थी, सभी जानते हैं। देश में उपद्रव और असंतोष के हालात थे। दुनिया में भारत की इज्जत नहीं थी। लोग संदेह की निगाहों से भारत को देखते थे। भारत के पासपोर्ट की कोई कीमत नहीं थी। भारत की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं। पूर्व की स्थिति बताने के बाद सीएम योगी ने बीते दस सालों में आए बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष के अंदर भारत ने हर एक क्षेत्र में नई प्रगति की है। दुनिया मे नई पहचान बनाई है। नए भारत का दुनिया में गौरव बढ़ा है। दुनिया में भारत के पासपोर्ट की कीमत बढ़ी है।

यूपी के युवाओं के सामने था पहचान का संकटः मुख्यमंत्री ने बताया कि ऐसा ही नयापन पिछले सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के बारे में भी सबको देखने को मिला होगा। जबकि आज से सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के लोग बाहर जाते थे लोग बड़ी संदेह की नजर से देखते थे। कुछ जनपदों के तो नाम पर लोग होटल और धर्मशाला में कमरा भी नहीं देते थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट था। उन्होंने पहचान के इस संकट का कारण भी समझाया और कहा कि प्रदेश में दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला शख्स मेरठ से गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने रूस के मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले एक युवक को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक हापुड़ जिले का रहने वाला है। उस पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है। उत्तर प्रदेश एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि एटीएस ने जासूसी के आरोप में हापुड़ निवासी सत्येंद्र सिवाल को गिरफ्तार किया है। वह 2021 से मॉस्को स्थित दूतावास में इंडिया बेस्ट सिक्योरिटी अस्सिटेंट के पद पर कार्यरत है। पूछताछ में आरोपित ने भारतीय दूतावास, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य इंस्टिट्यूट की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलरों को भेजने की बात को स्वीकारा है। उसके पास से तलाशी में मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं एक पहचान पत्र बरामद किया है।

शिकंजा

- एटीएस ने जासूसी के आरोप में हापुड़ निवासी सत्येंद्र सिवाल को गिरफ्तार किया है

## 'यूसीसी लाने का अर्थ पर्सनल ला खत्म करना है'




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**अब मुस्लिम सेवा** संगठन यूसीसी के विरुद्ध सड़कों पर उतरेगा। मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने रविवार को कहा कि यूसीसी लाना सीधा धर्म विशेष पर प्रहार है। नईम कुरैशी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट से ज्ञात हुआ है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड प्रावधानों में से चार प्रावधान सीधे मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमला करते हैं जिससे पता चलता है की यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का मतलब मुस्लिम पर्सनल लॉ को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यू सी सी में अनुसूचित जाति जनजाति ट्राइबल एरिया को छोड़ जाना इस कानून के एक होने पर यथोचित प्रश्न खड़े करता है जो प्रदेश के लोगों में अंतर तथा हीन भावना पैदा करेगा, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कुरैशी ने कहा कि यूसीसी कर अपने संवैधानिक अधिकारों का पालन करते हुए इस कानून के विरुद्ध सड़क पर उतरना पड़ा तो वह भी किया जाएगा और कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी।

## मुख्यमंत्री योगी पर की अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में रविवार को हजरतगंज थाना में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि ऐशबाग के रहने वाले सतनाम सिंह उर्फ लवी ने शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एक्स पर एक शख्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पोस्ट डाला है।



**जोरदार हिमपात के बाद जोशीमठ में कड़ाके की ठंड, बर्फ के दीदार के लिए पर्यटकों का पहुंचना जारीः बीते रोज दोपहर बाद मौसम ने करवट बदलना शुरू किया और रात्रि से निचले इलाकों में बारिश ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी लगातार जारी है।**

## इंडी गठबंधन के नेता एकजुट न हुए तो जायेंगे सब जेलः अभय



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि वर्तमान में देश के जो हालात हैं अगर इंडी गठबंधन के नेता एकजुट नहीं हुए तो सब जेल जाएंगे और उसके बाद कोई चुनाव नहीं होंगे। इनेलो नेता अभय सिंह यमुनानगर में रविवार को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्विनी दत्ता के निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय चौटाला ने कहा कि देश में लगातार ईडी का दुरुपयोग हो रहा है। जो नेता सरकार के खिलाफ बयानबाजी करते हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह जिनके घर से कोई दस्तावेज और राशि बरामद नहीं हुई उन्हें जेल में डाल दिया गया, जबकि जिनके घर से पांच करोड़ रुपये और पांच किलो सोना निकला वह घर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के डरावे से इनेलो का कोई नेता डरने वाला नहीं है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में लगातार बदलाव की लहर चल रही है। लोग 10 साल भाजपा और 10 साल कांग्रेस सरकार को भुगत चुके हैं। अब इनेलो की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इनेलो की सरकार बनने पर रिटायर्ड ज्यूडिशरी के लोगों का आयोग बनाया जाएगा। यह आयोग जांच करेगा कि विभिन्न विभाग के घोटालों की जांच करवाई जाएगी और जद में आने वाले नेताओं व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दावा

- लोग 10 साल भाजपा और 10 साल कांग्रेस सरकार को भुगत चुके है: अभय सिंह चौटाला

## 'अर्थव्यवस्था का सकारात्मक परिवर्तन है बजट'



**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्धनगर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. महेश शर्मा ने रविवार को केंद्रीय अंतरिम बजट पर मीडिया के समक्ष आकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का सकारात्मक परिवर्तन है। जिसे पिछले वर्ष के आधार पर बनाया गया है, जो मोदी सरकार के "सबका साथ, सबका विकास" के आदर्श वाक्य के अनुरूप, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) को शामिल करता है। बजट में भारत के जी-20 की अध्यक्षता के वर्ष के दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की रेखांकित किया गया, जिसमे प्रकृति, आधुनिक आधारभूत संरचना एवं सभी के लिए समान अवसरों के साथ समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करते हुए, भारत को दुनिया भर में विश्वगुरु के रूप में पेश किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ. महेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निरंतर और दीर्घकालिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरुप, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च का बजट बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ कर दिया गया है जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। इस प्रयास का एक उल्लेखनीय उदाहरण हवाई अड्डों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि है, जो अब 149 तक पहुंच गई है। बजट में नमो इंडिया के तत्वावधान में शहरी परिवर्तन के प्रमुख इंजन के रूप में मेट्रो रेल की कल्पना की गई है।

## मप्र में पहले चरण में 275 सीएम राइज स्कूल हुए संचालित

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में सर्व-सुविधायुक्त वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा देने के लिये सीएम राइज स्कूल की स्थापना की गई है। पहले चरण में 275 सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किये जा चुके हैं। आने वाले 10 वर्षों में प्रदेश में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि सीएम राइज स्कूल में के.जी. से कक्षा 12वीं तक के संचालन की व्यवस्था के साथ अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण की व्यवस्था की गई है। राज्य में 269 सीएम राइज स्कूलों के नवीन भवन निर्माण के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने 9 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दी है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये डिजिटल कक्षा, पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय, कला, नृत्य, संगीत एवं योग शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

## किराना दुकान पर हाथी का धावा, दुकान क्षतिग्रस्त

**जलपईगुड़ीः** जिले के मेटेली ब्लॉक में हाथियों का उत्पात जारी है। एक बार फिर रविवार को भोजन की तलाश में हाथी आबादी वाले इलाकों में घुस आया। जिसके बाद एक किराने की दुकान पर धावा बोल दिया जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह एक हाथी बगल के जंगल से निकलकर मेटेली ब्लॉक के मंगलबाड़ी बस्ती इलाके में प्रवेश किया। इसके बाद हाथी ने फुरबा तमांग की किराना दुकान पर धावा बोल दिया।

## मंत्री ने माउंट किलिमंजारो चोटी पर तिरंगा लहराने को अंकित को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को कैंप कार्यालय में साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर उत्तराखंड के अंकित कुमार भारती को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंकित कुमार भारती साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी जिसकी ऊंचाई 5895 मीटर है , उस पर तिरंगा लहराने के लिए बहुत ही उत्साहित हैं। मंत्री जोशी ने अंकित कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तेनजिंग नोर्गे नेशनल



एडवेंचर अवार्ड से सम्मानित दिवंगत पर्वतारोही सविता कंसवाल को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह अभियान माउंटेनियर अंकित कुमार ने प्रारंभ किया है। मंत्री ने कहा कि अंकित के पैर में रॉड डली होने के बाद भी उन्होंने समर्पित होकर उस किलिमंजारो की चोटी को फतह करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि माउंटेनियर अंकित कुमार युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। सन् 2022 में साहसिक खेलों में अंकित कुमार के कूल्हा में स्टील की रॉड डाली गयी। इसके बावजूद भी उन्होंने पर्वतारोहण नहीं छोड़ा है। अंकित ने बताया कि इस अभियान को करने का उद्देश्य उत्तराखंड और भारत के युवाओं को संदेश देना है कि कितनी विपरीत परिस्थितियों हमें हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए और जीवन में असंभव लक्ष्यों को संभव बनाना चाहिए।

फतह

- भारत के युवाओं को संदेश देना है कि कितनी विपरीत परिस्थितियों हमें हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए

अभ्यारण

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने वन मंत्री चौहान को दिया प्रस्ताव

## उमरीखेड़ा इंदौर में विकसित होगा ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**जल संसाधन मंत्री** तुलसीराम सिलावट ने वन एवं पर्यावरण मंत्री नागर सिंह चौहान को उमरीखेड़ा, इंदौर में ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क बनाए जाने और रालामंडल अभ्यारण में आवश्यक विकास कार्य कराए जाने संबंधी प्रस्ताव सौंपा है। वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने जल संसाधन मंत्री सिलावट से भोपाल में उनके निवास पर मुलाकात की और आश्वस्त किया कि यह कार्य शीघ्र कराया जाएगा। यह जानकारी रविवार को जनसंपर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के



अनुसार इन क्षेत्रों को विकसित किए जाने से इंदौर जिले के साथ-साथ उज्जैन, देवास, खंडवा, धार, शाजापुर, सीहोर, भोपाल आदि जिलों के सैलानियों के लिए ये स्थान भ्रमण के लिए नेशनल पार्क के विकल्प के रूप में मिल सकेंगे और यहां पहुंचकर वे प्राकृतिक सौंदर्य, वन्य जीव एवं नाइट सफारी का आनंद लेकर रोमांचित हो सकेंगे। उमरीखेड़ा ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रतिदिन सैलानी पहुँचकर वन्यजीव प्रेमी प्राकृतिक सौंदर्य एवं रोमांच का अनुभव करते हैं। ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क उमरी खेड़ा में 290 हेक्टेयर क्षेत्र में बटरफ्लाई पार्क, ट्रैकिंग एडवेंचर जोन और इंटरप्रिटेशन सेंटर आदि हैं। विभाग द्वारा ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क उमरीखेड़ा को विकसित करने के लिए लगभग 7 करोड रुपए की लागत का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत सैलानियों के लिए 145 लाख रुपए की लागत से 15 कॉटेज, 15 स्विस टेंट और 20 अन्य टेंट तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही 85 लाख रुपए की लागत से एडवेंचर पार्क, चिल्ड्रन पार्क, वॉच टॉवर्स, बटरफ्लाई पार्क, हर्ब्स पार्क, ओपन एयर थिएटर आदि का विकास किया जाएगा।

विकास

- 85 लाख रुपए की लागत से एडवेंचर पार्क, चिल्ड्रन पार्क, वॉच टॉवर्स आदि का विकास किया जाएगा

## छग विधानसभाः आज से षष्ठम विस का द्वितीय सत्र, नौ को वित्तमंत्री पेश करेंगे बजट

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि पांच फरवरी से बजट सत्र आहुत किया गया है। छत्तीसगढ़ षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र पांच फरवरी से शुरू होकर एक मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि बजट से प्रदेश के विकास की दिशा निर्धारित होती है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। सत्र में कुल 20 बैठकें प्रस्तावित है। सात व आठ फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। सत्र के प्रथम दिन ही तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन होगा। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि वित्तमंत्री




ओपी चौधरी नौ फरवरी को वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का उपस्थापन करेंगे। 12 व 13 को आय-व्यय पर चर्चा होगी। 14 से 26 फरवरी तक सभा में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। अनुदान मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा एवं पारण के लिए 27 फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक तीन संशोधन विधेयकों की सूचनाएं प्राप्त हुई है।

चार फरवरी की स्थिति में प्रश्नों की कुल 2335 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1162 तथा अतारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1173 है।